देश में इस समय महंगाई बढ़ने को लेकर शोर-शराबा और बेचैनी है तथा इससे सभी वर्ग प्रभावित हुए हैं। देश में खुदरा महंगाई दर सितंबर 2026 में बढ़कर 5.54 प्रतिशत हो गई। अगस्त में यह 4.83 प्रतिशत थी। इस दौरान छत्तीसगढ़ में भी महंगाई दर बढ़ी, लेकिन सितंबर में यह 5 प्रतिशत रही, जो राष्ट्रीय औसत से 0.54 प्रतिशत अंक कम है। केंद्र सरकार की ओर से जारी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है, लेकिन इसमें दिलचस्प और गंभीर ये है कि छत्तीसगढ़ में शहरों ⏭शेष पेज 4 पर



ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा महंगाई

छत्तीसगढ़ में ग्रामीण महंगाई दर शहरी क्षेत्रों से 1.64 प्रतिशत अंक अधिक रही। अगस्त में ग्रामीण महंगाई दर 4.12 प्रतिशत और शहरी महंगाई दर 3.14 प्रतिशत थी। सितंबर में दोनों क्षेत्रों में महंगाई बढ़ी, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्धि अधिक रही। देश में खाद्य महंगाई दर भी अगस्त के 5.97 प्रतिशत से बढ़कर सितंबर में 7.74 प्रतिशत हो गई। हालांकि, यह राष्ट्रीय स्तर का आंकड़ा है। इससे छत्तीसगढ़ में खाद्य महंगाई की दर का सीधे अनुमान नहीं लगाया जा सकता। सितंबर के आंकड़े अनंतिम हैं। ये आंकड़े उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में कीमतों में बदलाव को दर्शाते हैं। इसीलिए महंगाई दर का अर्थ यह नहीं है कि सभी वस्तुओं की कीमतें समान अनुपात में बढ़ी हैं।

केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई निर्णय, कुछ योजनाओं का बदला नाम

रेलवे कर्मियों को दिवाली का बड़ा तोहफा, मिलेगा 78 दिन का बोनस

केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को तीन बड़े फैसलों का ऐलान किया। इन फैसलों में रेलवे कर्मचारियों को सरकार ने त्योहारों से पहले बड़ी सौगात दी है। कैबिनेट ने लगभग 11,40,770 रेलवे कर्मचारियों के लिए प्रदर्शन-आधारित बोनस को मंजूरी दी है। यह बोनस 78 दिनों के वेतन के बराबर होगा। इसके अलावा कैबिनेट ने आईडीबीआई बैंक में सरकार और भारतीय जीवन बीमा निगम की कुल 60.72 प्रतिशत रणनीतिक हिस्सेदारी बेचने के प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 11,40,770 रेल कर्मचारियों को 78 दिन के उत्पादकता आधारित बोनस के भुगतान को मंजूरी दी है। सरकार ने बुधवार को बताया कि कर्मचारियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिए जाने वाले इस बोनस पर 2,009.61 करोड़ रुपये खर्च होंगे। पात्र रेल कर्मचारियों को उत्पादकता आधारित बोनस (पीएलबी) का भुगतान हर साल 'दुर्गा पूजा' और 'दशहरा' की छुट्टियों से पहले किया जाता है। सरकार ने कहा, इस साल भी करीब 11.40 लाख गैर-राजपत्रित रेल कर्मचारियों को 78 दिन के वेतन के बराबर पीएलबी दिया जा रहा है। यह बोनस रेल ⏭शेष पेज 4 पर

देशभर के करीब 11.40 लाख रेल कर्मियों को मिलेगा फायदा



योजनाओं से हटा इंदिरा गांधी का नाम

सरकार ने तीन पेंशन योजनाओं से इंदिरा गांधी का नाम हटाकर उनमें प्रधानमंत्री शब्द जोड़ने का फैसला किया है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना का नाम बदल गया।

आईडीबीआई बैंक में 60.72 फीसदी हिस्सेदारी बेचेगी सरकार

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आईडीबीआई बैंक में 60.72 प्रतिशत हिस्सेदारी फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स लिमिटेड को 52,878.08 करोड़ रुपए में बेचने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। एयर इंडिया की बिक्री के बाद यह देश का सबसे बड़ा रणनीतिक विनिवेश है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में यह निर्णय किया गया। यह फैसला पांच साल से अधिक समय से चल रही विनिवेश प्रक्रिया को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सरकार ने बयान में कहा, ⏭ शेष पेज 4 पर

पांच मैनपावर कंपनियों को किया गया अतिरिक्त भुगतान

183 करोड़ का घोटाला, त्रिपाठी समेत दो के खिलाफ चालान पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सीएसएमसीएल के 182.98 करोड़ रुपए के मैनपावर भुगतान घोटाले में सीएसएमसीएल के तत्कालीन एमडी अरुणपति त्रिपाठी तथा मैनपावर एजेंसी बीआर लोहिया के खिलाफ ईओडब्लू, एसीबी की स्पेशल कोर्ट में बुधवार को पूरक चालान पेश किया गया। लोहिया की फरारी में चालान पेश किया गया है। शासकीय शराब दुकानों के कर्मचारियों के नाम पर पांच मैनपावर एजेंसियों को अतिरिक्त भुगतान करने का आरोप है। एपी त्रिपाठी न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद है। पूरक चालान पेश करते हुए जांच एजेंसी ने कोर्ट को बताया है कि शासकीय शराब दुकानों के कर्मचारियों के नाम पर मैनपावर एजेंसियों को अतिरिक्त भुगतान कराने और कर्मचारियों को राशि दिए बिना उसका हिस्सा कमीशन के ⏭शेष पेज 4 पर



एपी त्रिपाठी



बीआर लोहिया

खास खबर

इन पांच कंपनियों को अतिरिक्त भुगतान

शराब दुकानों में मैनपावर उपलब्ध कराने के लिए एजेंसी सुमीत फैसिलिटीज लिमिटेड, प्राइमवन वर्कफोर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-टू-जेड इन्फ्रासर्विसेस लिमिटेड, अलर्ट कमांडोज प्राइवेट लिमिटेड और ईगल हंटर सॉल्यूशन लिमिटेड को वर्ष 2019 में दिया गया था। सेवा शर्तों के मुताबिक कर्मचारियों को नियमित वेतन के अलावा ओवरटाइम, बोनस और चार अतिरिक्त दिनों के कार्य के भुगतान का प्रावधान किया गया। एजेंसियों को पहले यह रकम कर्मचारियों को देनी थी और उसके बाद सीएसएमसीएल से उसका भुगतान प्राप्त करना था। इसके विपरीत एजेंसियों ने कर्मचारियों को रकम दिए बिना अथवा वास्तविक भुगतान से अधिक रकम दिखाकर देयक प्रस्तुत किए और सीएसएमसीएल से भुगतान प्राप्त किया।





छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा को गति देने वाले, जनसेवा को प्राथमिकता देने वाले एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध

माननीय डॉ. रमन सिंह जी (अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा) एवं

माननीय तोखन साहू जी (केंद्रीय राज्य मंत्री, भारत सरकार) को

जन्मदिवस पर कोटिशः बधाई एवं शुभकामनाएँ

आपके जीवन का प्रत्येक वर्ष नई उपलब्धियों, जनकल्याण के कार्यों और राष्ट्रसेवा के प्रेरक अवसरों से परिपूर्ण हो।

चंदन अग्रवाल
पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष-राइस मिल एसोसिएशन छत्तीसगढ़
युवा समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता

बसंत अग्रवाल
युवा समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता

विनीत : प्रदेश भाजपा संगठन के समस्त भाजपा कार्यकर्ता



हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





राजिम की गुफावाली श्मशान काली का दर्शन करने जाना पड़ता है पेट के बल

नवरात्रि-5 दिन

उत्कर्ष शर्मा ⏭ राजिम

छत्तीसगढ़ का प्रयागराज कहलाने वाले राजिम में गुफावाली श्मशान काली का मंदिर एक ऐसा रहस्यमयी साधना स्थल भी है। जिसके बारे में बहुत कम लोग जानते हैं। सोमेश्वरनाथ महादेव मंदिर के महामंडप में स्थित





करीब 81 साल पुरानी गुफा में मां श्मशान काली विराजमान हैं। रौद्र स्वरूप वाली मां की यह प्रतिमा और यहां होने वाली दस महाविद्याओं की तांत्रिक साधना श्रद्धालुओं के बीच विशेष आस्था का केंद्र है। नवरात्रि के दौरान छत्तीसगढ़ ही नहीं, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, बिहार और पड़ोसी राज्य ओडिशा से भी ⏭शेष पेज 4 पर

वीर लोरिक से जुड़ा है प्राचीन इतिहास

पवन साहू ⏭ आरंग

कुंवार नवरात्र के आगमन के साथ ही क्षेत्र के देवी मंदिरों में भक्ति का माहौल है। पुरातात्विक ग्राम गढ़रीवा स्थित प्राचीन मां चंडिका देवी मंदिर की बात ही कुछ और है। मान्यता है कि यहां पौराणिक महादानी राजा मोरध्वज मां चंडिका की पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त

गढ़रीवा के चंडिका मंदिर में राजा मोरध्वज करते थे पूजा



करते थे। बता दें कि ऐतिहासिक नगरी आरंग में राजा मोरध्वज का शासन था। वहीं राजा महर के काल में यह वीर लोरिक अहीर के कारण भी प्रसिद्ध हुआ। लोरिक की आराध्य देवी के रूप में भी मां चंडिका की ख्याति है। मंदिर के पुजारी मोहन भारती बताते हैं कि माता की प्रतिमा एक विशाल शिला में निर्मित पंचमूर्ति है, ⏭शेष पेज 4 पर

भारत-जिम्बाब्वे मैच में महिलाओं की एंट्री फ्री

सीएम ने दिया महिलाओं को निशुल्क प्रवेश का सुझाव, स्टेट क्रिकेट संघ ने जताई सहमति



■ छत्तीसगढ़ में पहली बार होगा अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित होने जा रहे अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट मैच में महिला दर्शकों को निशुल्क एंट्री मिलेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुझाव पर इसके लिए क्रिकेट संघ सहमत हो गया है। यहां यह बताना लाजिमी है कि भारत-जिम्बाब्वे महिला क्रिकेट टीम 16 अक्टूबर को नवा रायपुर के अंतराष्ट्रीय स्टेडियम में आमने-सामने होंगी। रायपुर में यह पहला अवसर है जब यहां महिला क्रिकेट का रोमांच देखने को मिलेगा। यहां दोनों टीमों के बीच तीन मैच होंगे। बुधवार को सीएम से महानदी मंत्रालय भवन में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर भारत-जिम्बाब्वे महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के लिए ⏭शेष पेज 4 पर

खेल संस्कृति विकसित करने पर फोकस

सीएम ने कहा, राज्य सरकार छत्तीसगढ़ में खेलों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमारा लक्ष्य केवल अच्छे खिलाड़ी तैयार करना ही नहीं, बल्कि प्रदेश में ऐसी ⏭शेष पेज 4 पर

पति की प्रेमी के साथ मिलकर हत्या, फिर शव के किए थे टुकड़े

'नीला ड्रम' हत्याकांड मामले में दोषी मुस्कान और साहिल को सजा-ए-मौत

मेरठ के बहुचर्चित 'नीला ड्रम' हत्याकांड में आरोपी मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल को बुधवार को मौत की सजा सुनाई गई है। अदालत ने कहा है कि दोनों को फांसी दी जाएगी। पिछले महीने अदालत ने दोनों को दोषी करार दिया था। मुस्कान ने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर मार्च, 2025 में अपने पति सौरभ राजपूत की हत्या कर शव के टुकड़ों को नीले ड्रम में भर दिया था। इस घटना से देशभर में सनसनी फैल गई थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मेरठ

मेरठ के चर्चित सौरभ हत्याकांड में दोषी करार दी गयी उसकी पत्नी मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल को एक स्थानीय अदालत ने फांसी की सजा सुनाई है। जिला शासकीय अधिवक्ता केके चौबे ने बताया कि जिला जज अरविंद कुमार मिश्रा की अदालत में बुधवार को सजा पर सुनवाई के बाद दोनों दोषियों को फांसी की सजा सुनायी गयी। उन्होंने बताया कि गत 30 सितंबर को सौरभ राजपूत हत्याकांड मामले में दोषी करार दिए गए साहिल और मुस्कान जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंस ⏭शेष पेज 4 पर

■ 126 पेशियों के बाद पूरी हुई सुनवाई, 22 गवाहों से पूछताछ

मेरठ का नीला ड्रम हत्याकांड

मेरठ में मार्च 2025 में हुए हत्याकांड ने पूरे देश को झकझोर दिया था। आरोप था कि मुस्कान और साहिल ने मिलकर मुस्कान के पति सौरभ राजपूत की हत्या कर दी।



सौरभ की मां बोलीं- न्याय मिल गया

सजा के ऐलान के बाद सौरभ की मां रो पड़ीं। कहा- शांति से न्याय मिल गया। सौरभ राजपूत की हत्या 3 मार्च, 2025 को हुई थी। मुस्कान और साहिल ने सबूत मिटाने के लिए सौरभ के शव को 5 टुकड़ों में काटकर नीले ड्रम में भर दिया था। इसके बाद उस पर सीमेंट का घोल डाल दिया था।

रोने लगी मुस्कान, साहिल की भी आंखें हुईं नम

मेरठ में सौरभ राजपूत की हत्या और 'नीला ड्रम' कांड के तौर पर चर्चित हुए मामले में बुधवार को खुद को फांसी की सजा सुनाए जाने पर राजपूत की पत्नी मुस्कान रोने लगी जबकि उसके प्रेमी साहिल की भी आंखें नम हो गयीं। फैसला सुनते ही मुस्कान भावुक होकर रोने लगी और उसने अदालत से अपनी दोनों बेटियों का ख्याल रखने की गुहार लगाई।

मथुरा जिला जेल की चर्चा

मुस्कान रस्तोगी और उसके प्रेमी साहिल शुक्ला को फांसी की सजा सुनाई है। अब इस मामले में मथुरा की जिला जेल भी चर्चा में है। देश में महिला बंदियों को फांसी देने के लिए निर्धारित व्यवस्था मथुरा जेल में मौजूद है। हालांकि आजादी के बाद से मथुरा में किसी भी महिला को फांसी नहीं हुई है।

फ्रैंकफर्ट-दिल्ली उड़ान

'हाईजैक अलर्ट' के बाद जयपुर में आपात लैंडिंग



जयपुर। एअर इंडिया के फ्रैंकफर्ट से दिल्ली आ रहे यात्री विमान को बुधवार सुबह 'हाईजैक अलर्ट' के बाद मार्ग परिवर्तन करके जयपुर हवाई अड्डे की ओर भेज दिया गया। सूत्रों ने बताया किया यह विमान यहां आपात स्थिति में उतरा। अधिकारियों के अनुसार हालांकि, 'हाईजैक' का अलर्ट 'झूठा' निकला और पूरी सुरक्षा जांच के बाद यह उड़ान यात्रियों के साथ दिल्ली के लिए रवाना हो गई। सूत्रों ने बताया कि उड़ान संख्या एआई 2030 वाले बोइंग 787-9 विमान ने जयपुर में आपात लैंडिंग की और सुरक्षा जांच के लिए उसे 'आइसोलेशन बे' में ले जाया गया। विमान में 293 यात्री और चालक दल के 13 सदस्य सवार थे।

फौरन बदला गया रास्ता

सूत्रों के अनुसार जब विमान मुंबई उड़ान सूचना क्षेत्र (एफआईआर) में था, तब पायलट ने 'स्क्वाक कोड 7500' दबाया जो गैर-कानूनी दखल का संकेत देता है। सूत्र ने आगे बताया कि इसके बाद मार्ग परिवर्तन करके विमान को जयपुर भेज दिया गया।





कैश डिस्काउंट ₹2500* तक | एक्सचेंज बोनस ₹5000* तक | इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10000$ तक SBI card HDFC BANK pine labs | कम डाउन पेमेंट ₹4999* से शुरू | कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹3200* तक

For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife

Also Available on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. $T&C apply, Offer available only on limited stores. @Limited period offer, T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः रायपुरः छत्तीसगढ़ हीरो, 9289922351, आरसन हीरो, 9289922864, राजनांदगांवः जय हीरो, 9289922357, धमतरीः सत्योम हीरो, 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो, 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो, 9289922623, बलोदाबाजारः अग्रवाल हीरो, 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो, 9289922968, बेमेतराः श्री सांई हीरो, 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो, 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो, 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो, 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983, भाटापाराः कुशल हीरो, 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्गः उत्सव हीरो, 9289923114, उत्सव हीरो (स्टेशन रोड), 7000595300, एसोशिएट डीलरः रायपुरः संजय ऑटोव्हील, 9289924245, 0771-4266555, पंड्रियाः ललित सर्विसेज़, 8770383767, अमलपुरीः ओम ऑटो एजेंसी, 6261535855, दोनुहानीः किरण मोटर्स, 9754069392, लवनः गणपति ऑटो, 9926601111/9340379300, भिलौरीः श्री राम मोटर्स, 8462900028/9340005833, गुरूरः श्री गुरूनानक ऑटो, 8349484458/7224880123, बोड़लाः विक्की मोटर्स, 9755583102, पांडातराईः शक्ति ऑटोमोबाइल्स, 9179035073, अमलपुरः राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरियाः अंकित ऑटो, 9425240565, नवागढ़ः श्री मोटर्स, 9165525555/9009866899, राजिमः गुरूदेव ऑटोमोबाईल्स, 9977280000, खरोराः अग्रवाल मोटर्स, 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो, 9425513611, डोंगरगढ़ः युवराज मोटर्स, 8085160380, तिल्दाः आरसन मोटर्स, 9340335266, नगरीः हर्ष ऑटो, 8109502100, पाटनः दिव्या ऑटो, 9893492107, बागबाहराः प्रियंका ऑटोकेयर, 9131058752, कोण्डागांवः आहुजा ऑटोमोबाईल्स, 9131794017/9993861888, नारायणपुरः गुरूनानक ऑटो, 9425596290, केशकालः साहिल ऑटो सेल्स, 9893199247, झगरंडीः किरन ऑटोकेयर, 9754069392, फरसगांवः राजा ऑटोमोबाईल्स, 9425594144, बेरलाः कोन्हा मोटर्स, 98931058752/ 6260472025, कसडोलः बजरंग मोटर्स, 9425511973, बालोदः नैन ऑटोकेयर, 9425563502, लिमतराः माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स, 9301361155, गरियाबंदः छत्तीगढ़ ऑटो केयर, 8319358443, चटोदाः सत्यम ऑटोमोबाईल्स, 9977155055, गुंडरदेहीः एम.एम. ऑटो, 9893542300/ 8720051135, जामुलः जय अम्बे ऑटो एजेंसी, 9826386346, रिसालीः भारत मोटर्स, 9993417123, फिंगेश्वरः अभिषेक ऑटो, 9977737000/9300093200, भिलाई-3ः महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरूदः शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, डूरपिजार- कांकेरः अंशू ऑटो, 9406054292, पखांजूरः रिशान सर्विसेज, 6267323235, गोहारा पादरः गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, कुहकुदुरः दिलीप मोटर्स, 7869151152, सुकमाः आशुतोष ऑटोमोबाइल, 9425260291, भानुप्रतापपुरः संस्कार मोटर्स, 9406203600, मानपुरः दिलीप ऑटो केयर, 7999054324, लाखोलीः शुभम ऑटो केयर, 9754000069, अम्बागढ़ चौकीः अमर मोटर्स, 9827969901, सालेवाड़ाः साई मोटर्स, 9754329434, राजिमः राजीव लोचन ऑटोमोबाइल्स, 7000186678, सारागांवः जी वी मोटर्स, 7566666243, सरसींवाः श्रीराम ऑटो, 6260060443, बीजापुरः माँ भवानी ऑटोमोबाइल्स, 9301683268/7987037477, चारामाः श्री करणी ऑटोमोबाइल, 9827894444, गुढ़ियारीः श्री राम मोटर्स, 7697966999/9425502611, भखाराः प्रेम ऑटो, 8770027422, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह), 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला): इंडियन हीरो, 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉपः रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह), 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा), 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः संजय ऑटोमोबाईल्स, 2226732/7474, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुरः आरसन हीरो, 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983.

चिंतन

दीपावली से पहले लोगों की झोली में आएगा धन



मुद्दा
राजकुमार सिंह

दीपावली से पहले केंद्र सरकार के फैसलों ने लाखों परिवारों की झोली में अतिरिक्त धन और राहत की उम्मीद जगाई है। रेलवे के 11.40 लाख कर्मचारियों को 78 दिन का बोनस, दिव्यांगों की पेंशन का दायरा बढ़ाने और सामाजिक सहायता योजनाओं को 5 साल तक जारी रखने की मंजूरी त्योहार की खुशियों को आर्थिक संबल देने वाली पहल है। बोनस से कर्मचारियों की जेब में पैसा आएगा, बाजार में मांग बढ़ेगी और जरूरतमंदों को पेंशन के सहारे का भरोसा मिलेगा। त्योहार के इस मौसम में इन फैसलों का संदेश साफ है। खुशियां तभी व्यापक होंगी, जब आर्थिक राहत का लाभ मेहनतकशों से लेकर समाज के कमजोर वर्गों तक पहुंचेगा। त्योहार से पहले मिलने वाला बोनस या आर्थिक सहायता केवल रकम नहीं, बल्कि परिवार की जरूरतों को पूरा करने और खुशियों को साझा करने का अवसर है। सरकार का रेलवे कर्मचारियों को बोनस देने का फैसला इसी लिहाज से महत्वपूर्ण है। करीब 2,009 करोड़ रुपये के कुल व्यय से जुड़ी इस मंजूरी के तहत पात्र कर्मचारियों को अधिकतम 17,951 रुपये तक बोनस मिल सकता है। यह राशि घर की जरूरतें पूरी करने, बच्चों के लिए सामान खरीदने और त्योहार की तैयारियों में काम आ सकती है। अतिरिक्त धन कर्मचारियों की क्रयशक्ति बढ़ाएगा तो इसका सकारात्मक असर बाजार पर भी पड़ेगा। त्योहारों में बढ़ी मांग छोटे दुकानदारों, कारोबारियों और स्थानीय उत्पादकों के लिए भी अवसर पैदा करती है। इस तरह कर्मचारियों की जेब में पहुंचने वाला पैसा अर्थव्यवस्था में आगे बढ़कर कई दूसरे वर्गों तक लाभ पहुंचाएगा। सरकार का दूसरा अहम फैसला दिव्यांगों की पेंशन से जुड़ा है। पेंशन के लिए बेंचमार्क दिव्यांगता की सीमा 80 प्रतिशत से घटाकर 40 प्रतिशत करने से पात्रता की शर्तें पूरी करने वाले अधिक लोग योजना के दायरे में आ सकेंगे। जन्म से पात्र दिव्यांगों को भी पेंशन का लाभ देने की व्यवस्था महत्वपूर्ण है। दिव्यांगता के साथ जीवन बिताने वाले लोगों और उनके परिवारों को रोजमर्रा की जरूरतों, उपचार तथा देखभाल के लिए अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता होती है। ऐसे में नियमित सहायता उन्हें कुछ आर्थिक मजबूती दे सकती है। पात्रता का विस्तार स्वागत योग्य है, लेकिन सहायता राशि को महंगाई के अनुरूप बढ़ाना भी जरूरी है। वहीं, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम को वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक जारी रखने का निर्णय भी सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से अहम है। इस अवधि में 53,428 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना है, जिससे करीब 3.20 करोड़ लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है। बुजुर्गों, विधवाओं और आर्थिक संकट से जूझ रहे परिवारों के लिए ऐसी योजनाएं कठिन समय में सहारा बनती हैं। परिवार के मुख्य कमाने वाले सदस्य की मृत्यु पर मिलने वाली सहायता संकटग्रस्त परिवार को संभलने का अवसर देती है। इससे पहले सरकार ने व्यापारियों को राहत देते हुए यूपीआई भुगतान पर प्रस्तावित 0.4 फीसदी मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) शुल्क को दिवाली तक टालने का फैसला किया था। कुल मिलाकर दीपावली से पहले लिए गए ये फैसले आर्थिक राहत और सामाजिक जिम्मेदारी के बीच संतुलन बनाने का अवसर देते हैं। बोनस से बाजार में रौनक बढ़ सकती है और पेंशन योजनाओं से कमजोर वर्गों को सहारा मिल सकता है। त्योहार की असली सार्थकता तभी है, जब समृद्धि की रोशनी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। सरकार की घोषणाएं इस दिशा में उम्मीद जगाती हैं; अब जरूरत है कि उनका लाभ समय पर और पूरी पारदर्शिता के साथ लोगों तक पहुंचे।

ज्ञानेश-विवाद : सरकार की साख भी दांव पर

भारतीय चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर आज देश में ही सवाल और संदेह हैं। आयोग की कार्य प्रणाली पर बाहर से तो सवाल अरसे से उठ रहे हैं, लेकिन अंदर से उठे सवालों का भी जवाब न देकर वह खुद को कठघरे में खड़ा कर रहा है। चुनाव आयुक्तों से मुलाकात के लिए संसद से आयोग कार्यालय तक मार्च करने वाले विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सैकड़ों सांसदों से मिलने से इनकार से शुरू तकरार अब दिल्ली–मुंबई समेत कई शहरों में सड़कों पर प्रदर्शन तक पहुंच गई है। उस दिन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आठ घंटे तक आकाशवाणी भवन में धरने पर बैठे रहने, अगले दिन जंतर–मंतर पर धरने की कोशिश और 12 अक्टूबर को सर्वोच्च न्यायालय तक मार्च से भारतीय लोकतंत्र की सुखद तस्वीर नहीं उभरती।

विश्व भर में प्रतिष्ठा प्राप्त रहे भारतीय चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर आज देश में ही सवाल और संदेह हैं। आयोग की कार्य प्रणाली पर बाहर से तो सवाल अरसे से उठ रहे हैं, लेकिन अंदर से उठे सवालों का भी जवाब न देकर वह खुद को कठघरे में खड़ा कर रहा है। चुनाव आयुक्तों से मुलाकात के लिए संसद से आयोग कार्यालय तक मार्च करने वाले विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सैकड़ों सांसदों से मिलने से इनकार से शुरू तकरार अब दिल्ली-मुंबई समेत कई शहरों में सड़कों पर प्रदर्शन तक पहुंच गई है। उस दिन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आठ घंटे तक आकाशवाणी भवन में धरने पर बैठे रहने, अगले दिन जंतर-मंतर पर धरने की कोशिश और 12 अक्टूबर को सर्वोच्च न्यायालय तक मार्च से भारतीय लोकतंत्र की सुखद तस्वीर नहीं उभरती। दो को मुंबई और आठ को बेंगलुरू में प्रदर्शन के बाद 10 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के लिए दिल्ली आ रहे कॉंगरोच जनता पार्टी के नेताओं अभिजीत दीपके, सौरव दास और आशुतोष रांका को फ्लाइट में घुसकर हिरासत में लेने, चर्चित यूट्यूबर ध्रुव राठी को गुरुग्राम स्थित फ्लैट से सुबह तड़के ही उठा लेने और पूर्व मुख्यमंत्रियों समेत अनेक सांसदों को हिरासत में लेने से भी संविधान सम्मत कानून के शासन की तस्वीर नहीं उभरती। मना करने के बावजूद नौ अक्टूबर रात नौ बजे से ही दर्जनों मेट्रो स्टेशन बंद कर दिल्ली आने वाली सैकड़ों ट्रेन रद्द करने पर तो सर्वोच्च अदालत ने अवमानना का नोटिस भी जारी किया, पर उसके बावजूद छावनी बनी दिल्ली में सुरक्षा बलों, खासकर पुलिस के रवैये में ज्यादा बदलाव दिखा नहीं। शांतिपूर्ण आंदोकारियों और अपना काम कर रहे पत्रकारों के साथ ही विरोध करने वाले वकीलों को भी हिरासत में ले लिया गया। मुख्य न्यायाधीश के निर्देश के बाद वकील तो तत्काल रिहा हो गये, लेकिन आंदोलनकारियों और पत्रकारों के लिए फोन कौन करेगा? संविधान तो सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है! अब जंतर-मंतर के बजाय विरोध प्रदर्शन के लिए तीन नए स्थलों के नाम घोषित किए गए हैं।

कानून व्यवस्था के नाम पर आंदोलनकारियों के साथ सरकार जैसा व्यवहार कर रही है, उससे आम नागरिकों की मुश्किलें भी बढ़ रही हैं, लेकिन संदेह और सवालों से घिरे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार मौन हैं। मौन से सवालों का जवाब नहीं मिलता, पर संस्कृत में कहा गया है: मौनं स्वीकृति लक्षणम्। लगातार चुनावी हार से बेजार विपक्ष कथित 'वोट चोरी' के मुद्दे पर एकजुट है और आक्रामक भी। उधर ज्ञानेश कुमार के बचाव में, केंद्र में सरकार का नेतृत्व कर रही भाजपा बेहद आक्रामक है। इससे ज्ञानेश और भाजपा के संबंधों पर संदेह गहराता ही है, लेकिन उससे भी ज्यादा खतरनाक है विपक्षी और सीजेपी आंदोलनकारियों के जवाब में सत्ता- समर्थकों की हिंसक प्रतिक्रिया। सोशल मीडिया पर वीडियोज में उनके प्रति दिल्ली पुलिस की नरमी भी साफ नजर आती है। पेपर लीक मामले में जंतर-मंतर प्रदर्शन में भी कुछ लोग सादा कपड़ों में आंदोलनकारियों पर हमला करते नजर आये थे। आंदोलनकारियों की भीड़ में ऐसी घुसपैठ खतरनाक प्रयोग है, जिसके परिणाम देश-समाज के लिए घातक और दूरगामी होंगे। बेशक चुनाव आयोग संवैधानिक संस्था है, लेकिन संविधान से ऊपर तो नहीं।



आयोग का मुख्य दायित्व स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव करवाना है। इस प्रकिया में राजनीतिक दल महत्वपूर्ण भागीदार हैं। विपक्षी सांसदों से मिलने के लिए भी अगर चुनाव आयुक्तों के पास समय नहीं, तो उनकी नजर में आम मतदाता की हैसियत का अंदाजा ही लगाया जा सकता है, जिसे अकसर चुनावों के समय 'जनार्दन' कहा जाता है। संसदीय लोकतंत्र में संसद और सड़क, दोनों राजनीति की परंपरा है, पर वह सिर्फ टकराव तक सिमटती नजर आये तो जिम्मेदार संस्थाओं और लोगों को चेत जाना चाहिए।

एक ओर संवैधानिक संस्थाओं पर अविश्वास बढ़ रहा है तो दूसरी ओर वे भी असल सवालों से मुंह चुराती दिख रही हैं। अपनी साख पर सवालों और गहराते संदेह से खुद चुनाव आयोग के चेहरे पर शिकन नजर नहीं आती। राजनीतिक दलों के एजेंडा पर तो राजनीति के अलावा कुछ और रहता ही नहीं। ऐसा नहीं कि मतदान केंद्रों पर कब्जे और मत पत्रों की लूट के लिए बदनाम रहे भारतीय लोकतंत्र में चुनाव आयोग पर अतीत में सवाल नहीं उठे, पर उसकी साख इतनी कभी नहीं गिरी। दशकों बाद चुनाव आयोग को बहुसदस्यीय इसीलिए बनाया गया था कि कोई चुनाव आयुक्त निरंकुश न हो जाये, लेकिन एक अंग्रेजी अखबार ने खुलासा किया कि तीन सदस्यीय चुनाव आयोग के दो सदस्यों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने 10 महीने में 14 बार आयोग की कार्यप्रणाली और फैसलों पर सवाल उठाये। चार महीने से तो कोई बैठक ही नहीं हुई। इस खुलासे ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को कठघरे में खड़ा कर दिया है। तीन दिन बाद तीनों की संयुक्त बैठक की तस्वीर और विज्ञप्ति जारी कर दावा किया गया कि आयोग में सब कुछ 'सामान्य' है। आरोपों की गंभीरता का तकाजा था कि तीनों चुनाव आयुक्त संयुक्त प्रेस कान्फ्रेंस कर संदेह और सवालों का निराकरण करते, लेकिन हर बार की तरह सफाई सत्तारूढ़ दल भाजपा की ओर से आ रही है, जिससे परस्पर मिलीभगत के विपक्षी आरोपों को बल ही मिलता है। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 के जरिये नियुक्ति समिति में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की जगह प्रधानमंत्री द्वारा नामित केबिनेट मंत्री को शामिल करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं के अलावा दो चुनाव आयुक्तों की आपत्तियों संबंधी खुलासे के बाद अब चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली, खासकर मुख्य चुनाव आयुक्त की मनमानी का मुद्दा भी सर्वोच्च न्यायालय पहुंच गया है। अखबार के खुलासे के आधार मात्र पर सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त के निलंबन या उनके द्वारा फैसले लेने पर रोक लगाने से परहेज किया, लेकिन कारण बताओ नोटिस जारी करने से साफ है कि आयोग की कार्यप्रणाली और फैसले न्यायिक समीक्षा से परे नहीं। एसआईआर में करोड़ों मतदाताओं के नाम काटे जाने के अलावा फॉर्म -6 भी आयोग की आलोचना का बड़ा कारण है।

आयोग और भाजपा नेता फॉर्म-6 में 'घोषणापत्र' जोड़ने को सर्वोच्च न्यायालय की मंजूरी का दावा करते रहे हैं, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने फॉर्म -6 में किसी भी संशोधन को मंजूरी से 12 अक्टूबर को फिर इनकार किया। 12 अक्टूबर को राहुल गांधी समेत 11 विपक्षी नेताओं की याचिका भी सर्वोच्च न्यायालय पहुंच गयी, जिसने ज्ञानेश कुमार के विरुद्ध दायर सभी याचिकाओं को संयुक्त करते हुए 27 अक्टूबर को सुनवाई तय की है। बेशक कानूनी लड़ाई लंबी चल सकती है, पर विपक्ष और सीजेपी सरीखे गैर राजनीतिक संगठन सड़क की लड़ाई भी बंद करने वाले नहीं। आयोग की कार्यप्रणाली पर उठने वाले संदेह और सवालों की पुष्टि अगर हो गयी, तब सरकार की साख भी उसकी तपिश से नहीं बच पाएगी, जो विपक्ष का असली निशाना भी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

ग्रामीण महिला दिवस



बलकार सिंह पूनियां

मिट्टी से मेडल तक और पंचायत से पोडियम तक

मिट्टी से मेडल तक और पंचायत से पोडियम तक की यह यात्रा केवल खेल की कहानी नहीं है। यह उस ग्रामीण भारत की कहानी है, जहां महिला अब केवल विकास की लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास की निर्माता बन रही है। खेल का पदक उसकी चमकती उपलब्धि है; खेत, घर, बाजार और पंचायत में बढ़ती उसकी भागीदारी नए भारत की स्थायी शक्ति है। एशियाई खेल 2026 में भारतीय बेटियों की सफलता को केवल खेल उपलब्धियों के रूप में देखना इस बदलाव की व्यापकता को सीमित कर देना होगा। नागोया में भारतीय महिला खिलाड़ियों ने जिस आत्मविश्वास के साथ पदक जीते, वह उस बदलते भारत की तस्वीर है जहां गांव और छोटे कस्बों की बेटियां खेल के मैदान से लेकर पंचायत, खेत, उद्यम और डिजिटल अर्थव्यवस्था तक अपनी पहचान बना रही हैं। खेलों का पोडियम इस परिवर्तन का दिखाई देने वाला चेहरा है, जबकि ग्रामीण भारत में महिलाओं की बढ़ती आर्थिक और सामाजिक भागीदारी इसकी गहरी बुनियाद है। एशियाई खेलों में भारत ने 21 स्वर्ण सहित कुल 85 पदक जीते। इनमें बड़ी संख्या बेटियों की थी। भारत के कुल 85 पदकों में 41 महिला खिलाड़ियों के खाते में आए। 21 स्वर्ण में से 11 महिलाओं ने जीते, जबकि तीन स्वर्ण मिश्रित स्पर्धाओं में आए। यह प्रदर्शन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इनमें अनेक खिलाड़ी छोटे शहरों, कस्बों और ग्रामीण पृष्ठभूमि से आती हैं। हरियाणा के संगतपुरा की 26 वर्षीय नीरू ढांडा ने महिला ट्रैप स्पर्धा में भारत को इन खेलों का पहला व्यक्तिगत स्वर्ण दिलाया। अमरावती की 17 वर्षीय कुमकुम मोहोड़ ने दो स्वर्ण और एक रजत जीतकर महिला रिकर्व में दक्षिण कोरिया के दो दशक पुराने वर्चस्व को चुनौती दी। उनकी उपलब्धि केवल एक युवा खिलाड़ी की सफलता नहीं, बल्कि उस संभावना का प्रतीक है जो सही प्रशिक्षण और अवसर मिलने पर भारत की बेटियों में छिपी है। पृथिका प्रदीप ने दो स्वर्ण जीते और प्रणवी उर्स एशियाई खेलों में गोल्फ स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। प्राची चौधरी और विद्या रामराज ने 4x400 मीटर रिले में स्वर्ण जीता। ट्रक चालक की बेटी विद्या, जो कभी नंगे पांव दौड़कर अभ्यास करती थीं, ने पी.टी. उषा का 42 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ा। सीमा कुमारी ने 10,000 मीटर में 16 वर्ष का पदक-सूखा खत्म किया। संजू देवी की कबड्डी टीम और इशिका चौधरी तथा सविता पूनिया की हॉकी टीम ने स्वर्ण जीता। महिला हॉकी ने 44 साल का इंतजार खत्म किया, जबकि हरमनप्रीत कौर की टीम ने क्रिकेट का स्वर्ण वापस दिलाया। शेफाली वर्मा और रेणुका सिंह ठाकुर जैसी छोटे शहरों से निकली खिलाड़ियों ने भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन उपलब्धियों के पीछे केवल प्रतिभा नहीं, बल्कि संघर्ष भी है।

खेल व्यवस्था में मनोवैज्ञानिक परामर्श को नियमित प्रशिक्षण का हिस्सा बनाना इसी से जुड़ा महत्वपूर्ण सबक है। लेकिन इन खिलाड़ियों की कहानियां हमें गांव की उन हजारों बेटियों की ओर भी देखने को मजबूर करती हैं जिनमें प्रतिभा तो है, पर अवसर नहीं। शहरों में अकादमी, प्रशिक्षक, पोषण और प्रतियोगिताएं अपेक्षाकृत सुलभ हैं, जबकि ग्रामीण बेटी को कई किलोमीटर दूर जाकर अभ्यास करना पड़ सकता है। जिस परिवार के लिए धनुष, राइफल, अच्छे जूते या यात्रा का खर्च बड़ी चुनौती हो, वहां से किसी बेटी का अंतरराष्ट्रीय पोडियम तक पहुंचना असाधारण संकल्प का परिणाम है। यही प्रश्न खेल से आगे ग्रामीण महिला के जीवन में भी दिखाई देता है। खेत में काम करने वाली महिला, पशुपालन करने वाली महिला, स्वयं सहायता समूह चलाने वाली महिला, पंचायत प्रतिनिधि और छोटे व्यवसाय की संचालिका- इन सभी की उपलब्धियां अक्सर पदक तालिका में दर्ज नहीं होतीं। फिर भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सामाजिक परिवर्तन में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। कॉर्पोरेट जगत को महिला खेल, ग्रामीण उद्यम और महिला नेतृत्व में निवेश को सामाजिक दायित्व से आगे बढ़कर आर्थिक और सामाजिक निवेश के रूप में देखना होगा। मिट्टी से मेडल तक और पंचायत से नेतृत्व तक की यह यात्रा केवल महिलाओं की उपलब्धियों की कहानी नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के बदलते चरित्र की कहानी है। जब गांव की महिला अपने श्रम का मूल्य, अपनी आय पर अधिकार, पंचायत में अपनी आवाज और अपनी बेटी के भविष्य पर निर्णय का अधिकार हासिल करती है, तभी महिला सशक्तीकरण वास्तविक अर्थ ग्रहण करता है। खेल का पदक इस परिवर्तन की चमक है, लेकिन खेत, घर, बाजार और पंचायत में बढ़ती महिला भागीदारी ही इसकी स्थायी शक्ति है। यही नए भारत की ग्रामीण नारी शक्ति है।

(लेखक सहायक प्रोफेसर ग्रामीण विकास विभाग हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है



संकलित
दर्शन

परिवार में कोई बीमार हो तो दूसरे व्यक्ति के शरीर पर भी असर होता है। अगर बच्चों का विवाह नहीं हुआ है, अच्छा लड़का या लड़की नहीं मिली है, पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाए हैं तो इन पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है। बल्कि हम जहां हैं, वहां रहकर भगवान को ऊपर से नीचे उतारना है। भगवान उतरते हैं। दशरथ के घर उतरे हैं, वासुदेव की जेल में उतरे हैं। हम वैराग लेकर उन्हें ऊपर खोजने जाएं, यह भी एक गति है, लेकिन क्यों न हम एक एक पारिवारिक दायित्व पूरा करते-करते उन्हें नीचे बुला लें। हम नरसिंह मेहता नही है। हम मीरा और भर्तृहरि नहीं हैं। मनु और शतरूपा ने वैराग का पथ लिया तो भी परिवारिक दायित्व को पूरा किया। भजन का मतलब यह नहीं कि आप सबको नजरअंदाज करें, सबकी उपेक्षा करें। भजन में पारिवारिक स्वास्थ्य आवश्यक है। आत्मा की तंदुरुस्ती के विषय में मैं खुलासा कर दूं कि आत्मा बीमार नही है। मन बीमार हो सकता है, आत्मा कहां बीमार होती है। जैसे सूरज तंदुरुस्त है, लेकिन बादल से आवृत्त होने पर सूरज दिखना बंद हो जाता है। वैसे ही स्थिति हमारी आत्मा की है। जैन परंपरा कहती है कि आत्मा पर कई तरह के कशाय के बादल छा जाते हैं। इसी रूप में आत्मा अस्वस्थ नहीं हो सकती। आत्मा बूढ़ी नहीं हो सकती। शरीर जन्म लेता है, आत्मा जन्म नहीं लेती। ये तो सीधी-सी बात है।

कद्दू का तीर्थ स्नान



संकलित
प्रेरणा

एकबार तीर्थ यात्रा पे जाने वाले लोगो का संघ, संत तुकाराम जी के पास जाकर उनके साथ चलने की प्रार्थना की। तुकारामजी ने अपनी असमर्थता बताई। उन्होंने तीर्थयात्रियो को एक कड़वा कद्दू देते हुए कहा- मैं तो आप लोगो के साथ आ नहीं सकता लेकिन आप इस कद्दू को साथ ले जाईए और जहां-जहां भी स्नान करे, इसे भी पवित्र जल में स्नान करा लाये। लोगो ने उनके गूढार्थ पे गौर किये बिना ही वह कद्दू ले लिया और जहाँ-जहां गए, स्नान किया वहां-वहां स्नान करवाया। मंदिर में जाकर दर्शन किया तो उसे भी दर्शन करवाया। ऐसे यात्रा पूरी होते सब वापस आए और उन लोगो ने वह कद्दू संतजी को दिया। तुकारामजी ने सभी यात्रियों को प्रीतिभोज पर आमंत्रित किया। तीर्थयात्रियों को विविध पकवान परोसे गए। तीर्थ में घूमकर आये हुए कद्दूकी सब्जी विशेष रूपसे बनवायी गयी थी। सभी यात्रिओ ने खाना शुरू किया और सबने कहा कि यह सब्जी कड़वी है। तुकारामजी ने आश्चर्य बताते कहा कि यह तो उसी कद्दू से बनी है, जो तीर्थ स्नान कर आया है। बेशक यह तीर्थाटन के पूर्व कड़वा था, मगर तीर्थ दर्शन तथा स्नान के बाद भी इसी में कड़वाहट है! यह सुन सभी यात्रिओ को बोध हो गया कि, हमने तीर्थाटन किया है लेकिन अपने मन को एवं स्वभाव को सुधारा नहीं तो तीर्थयात्रा का अधिक मूल्य नहीं है। हम भी एक कड़वे कद्दू जैसे कड़वे रहकर वापस आए है।

अंतर्मन



आज की पाती

रामलीला देखें और रामजी के आदर्श अपनाएं

हमारा देश देवभूमि के नाम से भी जाना जाता है। यहां लगभग हर रोज किसी न किसी धर्म के धार्मिक कार्यक्रम होते रहते हैं और यह सब हमें मानवता और नैतिकता की राह पर चलने की शिक्षा देते हैं। हमारे देश में भगवान श्री राम जी की लीलाओं की झलक रामलीला में भी देखने को मिलती है। रामलीला दशहरे से पहले देश के लगभग सभी राज्यों में आयोजित होती हैं, खासतौर पर उत्तर भारत में। रामलीला में यह दिखाया जाता है कि किस तरह भगवान श्री राम ने अहंकारी रावण का अंत किया था। बुराई का अंत एक न एक दिन जरूर होता है। टीवी चैनलों की बाढ़ के बावजूद रामलीला के प्रति आकर्षण सचमुच बहुत अच्छी बात है। हमें रामलीला देखनी चाहिए तथा जीवन में भगवान राम जी के आदर्श अपनाने चाहिएं।

-रमेश अवस्थी, राजनांदगांव

ट्रेंड

भारत-कनाडा संबंध



कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से मिलकर खुशी हुई। हमने व्यापार, टेक्नोलॉजी, सुरक्षा, ऊर्जा, शिक्षा और लोगों के बीच आपसी आदान-प्रदान के क्षेत्रों में भारत-कनाडा संबंधों को और मजबूत करने पर सार्थक चर्चा की।

- **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

डेमोक्रेसी की आवाज़



वह दिन ज़रूर आएगा जब हमारी डेमोक्रेसी की आवाज़ दबाने वालों को सख्त इंसाफ़ का सामना करना पड़ेगा। मैं चाहता हूँ कि जिस भी स्टूडेंट या युवा ने पुलिस की बर्बरता या ग़ैर-कानूनी हिरासत का सामना किया है, वह उसका पूरा रिकॉर्ड-वीडियो या फोटो-ज़रूर रखे; ये बहुत ज़रूरी होंगे।

- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

सशक्तिकरण के प्रयास



मारी सरकार राज्य की आधी आबादी के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ महिलाओं के सम्मान, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

- **डॉ. मोहन यादव,** सीएम, मध्यप्रदेश

लोकतांत्रिक अधिकार



हमने और हमसे पहले की कई पीढ़ियों ने अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए मज़बूती से लड़ाई लड़ी है। हमें ऐसा करना जारी रखना होगा। मैं सीजेपी के आशुतोष और सौरव की गिरफ़्तारी की कड़ी निंदा करती हूं।

-**ममता बनर्जी,** पूर्व सीएम, प. बंगाल

करंट अफेयर

साइबर हमले से यूरोप की हुई सुपरमार्केट श्रृंखलाएं प्रभावित



साइबर हमलों के कारण यूरोप की कई सुपरमार्केट श्रृंखलाओं का कामकाज प्रभावित हुआ है जिससे फ्रांस में सैकड़ों दुकानों की प्रशीतन प्रणालियां बाधित हुई है जबकि एक बड़ी सुपरमार्केट कंपनी को यूरोप और अमेरिका के ग्राहकों के लिए संचालित अपनी वेबसाइटें बंद करनी पड़ीं। फ्रांस के वित्त मंत्री रोलैंड लेस्क्योर ने मंगलवार को संसद को बताया कि देश के करीब 10,000 सुपरमार्केट में से लगभग 700 इस हमले से प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि फ्रांस की खाद्य आपूर्ति पर कोई खतरा नहीं है, लेकिन स्वीकार किया कि यह हमला ' 'हमारी खाद्य सुरक्षा की बुनियाद पर चोट करता है।' उन्होंने कहा, 'यह घटना सभी के लिए एक चेतावनी है।' इस बीच, नीदरलैंड की प्रमुख सुपरमार्केट कंपनी 'अहोल्ड डेलहाइज' ने मंगलवार को कहा कि वह सुरक्षा संबंधी समस्या के कारण बंद की गई अपनी प्रणालियों को फिर से चालू करने में जुटी है। कंपनी ने कहा कि नीदरलैंड में 'अल्बर्ट हेजन', बेल्जियम में 'डेलहाइज' और अमेरिका में 'स्टॉप एंड शॉप', 'फूड लायन' तथा 'जायंट' नाम से संचालित उसके स्टोर खुले रहे। हालांकि, इन सभी ब्रांड की वेबसाइट मंगलवार को भी बंद रहीं। अहोल्ड डेलहाइज ने कहा कि उसके पास ग्राहकों या कर्मचारियों के आंकड़ों की चोरी होने का कोई साक्ष्य नहीं है।

ऑफ बीट

सांप के काटने का खतरा हमारी सोच से कहीं बड़ा

सांप के काटने पर हर बार शरीर में जहर नहीं पहुंचता। लेकिन जब सांप का जहर शरीर में प्रवेश कर जाता है, तो यह स्थिति 'सर्प विषाक्तता' कहलाती है।



यह जानलेवा स्थिति हो सकती है। इसका सबसे अधिक असर उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में रहने वाले गरीब ग्रामीण समुदायों पर पड़ता है, जहां लोगों के लिए चिकित्सा सुविधाओं तक पहुंचना आसान नहीं है। सांप के काटने और उष्णकटिबंधीय बीमारियों के महामारी विज्ञान के क्षेत्र में दशकों का संयुक्त अनुभव रखने वाले शोधकर्ताओं के रूप में हमने महसूस किया कि 'सर्प विषाक्तता' से निपटने के प्रयासों में आंकड़े उपलब्ध न होना गंभीर संकट है। जिन आधे से अधिक देशों में विषैले सांप लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं, वहां यह रिकॉर्ड ही नहीं रखा जाता कि कितने लोगों को सांप ने काटा या कितने लोग 'सर्प विषाक्तता' के शिकार हुए। सहारा के दक्षिण में स्थित अफ्रीकी देशों और दक्षिण एशिया के ग्रामीण इलाकों में सांप के काटने के कई पीड़ित ऐसे होते हैं, जिन्हें निकटतम स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने में कई घंटे लग जाते हैं। उनके पास वहां तक पहुंचने के लिए परिवहन साधन नहीं होते या वे इलाज के लिए पारंपरिक चिकित्सकों के पास जाते हैं। नतीजतन, उनके मामलों का उल्लेख कभी भी राष्ट्रीय स्वास्थ्य आंकड़ों में नहीं मिल पाता।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर
गुरुवार 15 अक्टूबर 2026
आश्विन शुक्ल पक्ष पंचमी
वर्ष : 25, अंक : 86
पृष्ठ : 12+12 = 24 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 33.0
न्यून. 23.8

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

07 वेस्टइंडीज ने भारत का विजय अभियान रोका



विचार पेज
ज्ञानेश विवाद

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky | airtel
चैनल नं. 1155 | चैनल नं. 366

गूगल के एआई डेटा सेंटर का विशाखापट्टनम में भारी विरोध

विशाखापत्तनम। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में गूगल का डेटा सेंटर बन रहा है। तीन कैंपस बनेंगे। राज्य सरकार ने 3 गांवों की 586 एकड़ जमीन दी है। अदाविवरम-मुदासरलोवा गांव में काम शुरू हो चुका है। 160 एकड़ में जंगल काटने और जमीन समतल करने के लिए पहाड़ी छीलने के आरोप हैं।

आरक्षण रोस्टर को दी थी चुनौती

हाईकोर्ट ने रद्द किया 12,489 शिक्षकों की भर्ती का विज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



छत्तीसगढ़ में शिक्षक भर्ती के लिए जारी आरक्षण रोस्टर को लेकर चल रहे विवाद में हाईकोर्ट के जस्टिस एके प्रसाद के सिंगल बेंच ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट के सामने स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से चार मई 2023 को जारी भर्ती विज्ञापन में अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए निर्धारित आरक्षण और रद्द की जा चुकी आरक्षण नीति के आधार पर रोस्टर लागू करने का मुद्दा उठा। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने 58 प्रतिशत आरक्षण से संबंधित उस व्यवस्था के आधार पर भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ाई, जिसे हाईकोर्ट ने पहले ही निरस्त कर दिया था। अदालत ने विवादित आरक्षण व्यवस्था को निरस्त करते हुए पहले से नियुक्त शिक्षकों को तत्काल सेवा से हटाने का निर्देश नहीं दिया।

2012 की अधिसूचना को लेकर उठा विवाद

याचिकाकर्ताओं ने अदालत को बताया कि 29 नवंबर 2012 की अधिसूचना के जरिए राज्य में आरक्षण का कुल अनुपात बढ़ाकर 58 प्रतिशत किया गया था। हाई कोर्ट ने 19 सितंबर 2022 को इस व्यवस्था को असंवैधानिक ठहराते हुए निरस्त कर दिया था। इसके बावजूद उसी नीति और उससे जुड़े रोस्टर के आधार पर नया भर्ती विज्ञापन जारी किए जाने पर उन्होंने सवाल उठाया।

20 हजार लेते दो कृषि विस्तार अधिकारी रंगे हाथों गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

फसल बीमा की राशि दिलाने के बदले मांगी 75 प्रतिशत रिश्वत

किसान की खराब फसल के बीमा की राशि दिलाने के बदले रिश्वत मांगने के मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) जगदलपुर की टीम ने आमाबेड़ा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए दो ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने किसान से 90 हजार रुपए की बीमा राशि निकलवाने के एवज में कुल बीमा राशि का 75 प्रतिशत हिस्सा रिश्वत के रूप में मांगा था। बुधवार 14 अक्टूबर को एसीबी की टीम ने ट्रैप कार्रवाई कर पहली किस्त के रूप में 20 हजार रुपए लेते दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आमाबेड़ा तहसील के आलनार निवासी किसान सगाऊ राम कोमरा ने एंटी करप्शन ब्यूरो, जगदलपुर में शिकायत दर्ज कराई थी।

भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत कार्रवाई





एसीबी ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित अधिनियम 2018) की धारा 7 और 12 के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई से सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर रिश्वत मांगने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का संदेश गया है।

सीजेपी संस्थापक दीपके पहुंचे दिल्ली, कहा- 'तिरंगा लहराना अपराध नहीं है'

तिहाड़ भेजे गए सौरव-रांका, राहुल, प्रकाश राज सहित कई संगठनों ने जताया विरोध

प्रतिबंधित जंतर-मंतर में मंगलवार को तिरंगा फहराने वाले सीजेपी नेता सौरव दास और आशुतोष रांका की गिरफ्तारी से भड़की सीजेपी ने 16 अक्टूबर को प्रदर्शन का ऐलान किया है। वहीं इन नेताओं की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व फिल्म अभिनेता प्रकाश राज ने इसे सरकार की कायरतापूर्ण कार्रवाई बताया है। इधर, सीजेपी के प्रदर्शन को ब्रिटेन के कई संगठनों ने भी समर्थन दे दिया है।

गिरफ्तारी से भड़की सीजेपी ने किया 16 अक्टूबर को प्रदर्शन का ऐलान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेताओं सौरव दास और आशुतोष रांका को शांति बनाए रखने के लिए भरे गए बॉण्ड का कथित तौर पर उल्लंघन करने और जंतर-मंतर पहुंचने के लिए एक निजी परिसर में अनधिकृत प्रवेश करने के आरोप में बुधवार को पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सरकार के इस कदम से भड़की सीजेपी ने 16 अक्टूबर को शाम 5 बजे दिल्ली के कनॉट प्लेट के सेंट्रल पार्क पर 'लहरा दो तिरंगा' कार्यक्रम की घोषणा की है। बुधवार को दिल्ली पहुंचे सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा 'इन तानाशाह को बता दीजिए कि हमारा तिरंगा हमारा प्राइड है और उसे लहराना कोई क्राइम नहीं है। पहली बार सीजेपी नेताओं के समर्थन में उतरे कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने झंडा फहराने पर युवाओं को जेल में डालना कायरतापूर्ण काम है। जंतर-मंतर भारत के लोगों का है। हम इसे वापस हासिल करेंगे।'



भड़के प्रकाश राज ने कहा- 'पूरा देश जंतर-मंतर बनेगा': एक्टर प्रकाश राज ने सरकार से कहा कि प्रोटेस्ट की साइट बदल सकते हैं आप, रोक सकते हैं, लेकिन इस देश की आवाज को आप नहीं रोक सकते, पूरा देश जंतर-मंतर बनेगा।

सीजेपी के समर्थन में ब्रिटेन में प्रदर्शन

लंदन। ब्रिटेन में रह रहे प्रवासी भारतीयों का एक समूह नयी दिल्ली में जारी विरोध-प्रदर्शनों के समर्थन में लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग के बाहर एकत्र हुआ और प्रदर्शनकारियों के प्रति एकजुटता व्यक्त की। 'साउथ एशिया सॉलिडैरिटी ग्रुप', 'कैम्ब्रिज साउथ एशियन फोरम अगेंस्ट हिंदुत्व', 'इंडियन वर्कर्स एसोसिएशन' और 'एसओएएस आंबेडकर सोसाइटी' जैसे कई समूहों ने मिलकर मंगलवार शाम विरोध प्रदर्शन किया। इसमें बड़ी संख्या में छात्र शामिल हुए और उन्होंने भारत में मताधिकार की रक्षा के लिए प्रदर्शन कर रहे लोगों के प्रति अपना समर्थन जताया।

अंबानी ने निवेशकों को दिया दिवाली गिफ्ट

जियो लाएगा 21 को देश का सबसे बड़ा आईपीओ

अंबानी ने निवेशकों को दिया दिवाली गिफ्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

डिजिटल सर्विस की बड़ी कंपनी जियो प्लेटफार्म लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ), जिसके देश का सबसे बड़ा आईपीओ होने की उम्मीद है, 21 अक्टूबर को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। बुधवार को दाखिल किए गए रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (आरएचपी) के अनुसार, यह आईपीओ 23 अक्टूबर को बंद होगा और एंकर इन्वेस्टर्स की बोली 19 अक्टूबर को होगी। कंपनी ने योग्य कर्मचारियों के लिए 500 करोड़ रुपए तक के और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के योग्य शेयरधारकों के लिए 2,500 करोड़ रुपए तक के शेयर रिजर्व किए हैं। 14 अक्टूबर तक आरआईएल के पब्लिक इक्विटी शेयर रखने वाले व्यक्ति और हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ), लागू नियमों और शर्तों के अधीन, शेयरधारक रिजर्वेशन कैटेगरी के तहत आवेदन करने के पात्र हैं।



रिलायंस जियो आईपीओ की जानकारी : जियो आईपीओ पूरी तरह से नया इश्यू है, जिसमें मौजूदा शेयरहोल्डर्स की तरफ से कोई 'ऑफर-फॉर-सेल' नहीं होगा। इसका मतलब है कि रिलायंस इंडस्ट्रीज और जियो के स्ट्रैटेजिक इन्वेस्टर्स – जिनमें मेटा, गूगल, मुबाडाला और सऊदी अरब का पब्लिक इन्वेस्टमेंट फंड शामिल हैं – के इस ऑफर में शेयर बेचने की उम्मीद नहीं है।

प्राइस बैंड और वैल्यूएशन पर नजर

रॉयटर्स ने पहले रिपोर्ट किया था कि जियो प्लेटफॉर्म्स लगभग $106 बिलियन (यानी करीब 10.3 लाख करोड़) के वैल्यूएशन का लक्ष्य रख रहा है और संभावित प्राइस बैंड के ऊपरी स्तर पर लगभग 30,200 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रहा है। यह हुंडई मोटर इंडिया के 2024 के आईपीओ से भी बड़ा होगा, जो अभी भारत का सबसे बड़ा पब्लिक इश्यू है। रिपोर्ट के अनुसार, प्राइस बैंड 1,065-1,119 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है, हालांकि निवेशक अंतिम पुष्टि का इंतजार करेंगे। इस वैल्यूएशन पर, लिस्ट होने के बाद जियो भारत की सबसे मूल्यवान लिस्टेड कंपनियों में से एक बन जाएगी। जानकारों का अनुमान है कि 10.3 लाख करोड़ के मौजूदा वैल्यूएशन पर जियो का ट्रेड अनुमानित एफवाय28 ईवी/इबिटिडा के लगभग 12 गुना पर होगा, जबकि भारती एयरटेल के भारतीय कारोबार (इंडस टावर्स को छोड़कर) के लिए यह आंकड़ा लगभग 10.3 गुना है।



*लागू होने पर 18% प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित, भुगतान और/या प्राप्ति की तिथि तक हुए आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि। ** पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, कॉलम संख्या-के में उल्लिखित जानकारी के अलावा, उपर्युक्त अचल/सुरक्षित संपत्तियों के संबंध में कोई अन्य भार/दावा नहीं है। ऐसे अन्य भारों का भुगतान सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा किया जाएगा। संभावित क्रेता/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे उल्लिखित भारों की सत्यता की स्वतंत्र रूप से पुष्टि करें। (1.) आज की तारीख तक, पीएनबीएचएफएल/पीएनबीएचएफएल के अधिकृत अधिकारी को उपरोक्त अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों की बिक्री, हस्तांतरण और/या निपटान से रोकने वाला कोई आदेश या न्यायालय का निषेधाज्ञा नहीं है, और स्थिति कॉलम संख्या-के में उल्लिखित है। (2.) संभावित क्रेता/बोलीदाता और इच्छुक पक्ष कॉलम संख्या-के में उल्लिखित कार्यवाही/आदेश आदि में उल्लिखित दलीलों का स्वतंत्र रूप से निरीक्षण कर सकते हैं, जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध स्वामित्व दस्तावेजों का स्वामित्व भी शामिल है, और निविदा/बोली आवेदन पत्र जमा करने या प्रस्ताव देने से पहले सभी पहलुओं से स्वयं को संतुष्ट कर सकते हैं। बोलीदाता को बोली पत्र के साथ इस नीलामी के नियम और शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। (3.) कृपया ध्यान दें कि सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के अनुसार, बोलीदाता/खरीदार विक्रय मूल्य की राशि का 25 प्रतिशत (सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) सहित) जमा करने के लिए कानूनी रूप से बाध्य है। विक्रय मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि खरीददार द्वारा बयाना राशि की स्वीकृति की तिथि से 15 दिनों के भीतर या अगले कार्य दिवस से पहले जमा करनी होगी। बिक्री की पुष्टि केवल बोलीदाता/बोलीदाताओं के पक्ष में बिक्री की पुष्टि तभी की जा सकती है जब बिक्री पुष्टिकरण पत्र के अनुसार सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत प्राप्त हो जाए। ऐसी जमा राशि का भुगतान न करने की स्थिति में, अधिकृत अधिकारी बिक्री पुष्टिकरण पत्र में उल्लिखित 15 दिनों की अनिवार्य अवधि की समाप्ति तिथि से 15 दिनों के भीतर बिक्री राशि के आंशिक भुगतान को जब्त कर लेगा और संपत्ति/सुरक्षित परिसंपत्ति को सरफेसी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पुनर्विक्रय किया जाएगा। (4.) मेसर्स सीआई इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, अधिकृत अधिकारी को ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री आयोजित करने में सहायता करेगी, जिसका कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट नंबर 68, तीसरी मंजिल, सेक्टर 44, गुड़गांव, हरियाणा 122003 में स्थित है। वेबसाइट-www.bankeauctions.com। संपत्ति के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, और किसी अन्य प्रश्न या पंजीकरण के लिए, आपको विवेक लोढ़ा से संपर्क करना होगा। टोल फ्री नंबर-1800 120 8800, ई-मेल: auction@pnbhousing.com, PNBHFL का अधिकृत व्यक्ति है या www.pnbhousing.com देखें।
स्थान: रायपुर दिनांक:- 15-10-2026 सही /- अधिकृत अधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई
प्रधानमंत्री आवास योजना
/प्र.मं.आ.यो. / 2026/1026/232 A भिलाई, दिनांक 12/10/2026
// निविदा संशोधन सूचना //
नगर पालिक निगम भिलाई के ऑनलाईन निविदा क्र.- 199923 Date 22.09.2026 आमंत्रित की गई थी, जिसमें समस्त कार्य विद्युत से संबंधित होने के कारण PWD इलेक्ट्रीकल पंजीयनयुक्त एजेंसी ही आवेदन कर सकते है तथा निविदा प्राप्ति की तिथिओ में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है। निविदा के शेष नियम / शर्तें यथावत रहेंगी।

क्र.	विवरण	वर्तमान निविदा तिथि
1	Bid Due Date:-	21.10.2026 (05:30PM)
2	Physical Submission EMD End :-	23.10.2026 (05:30PM)
3	Bid Open Date Schedule:-	From 26.10.2026 (10:30 AM) to till now completion

कार्यपालन अभियंता
(प्रधानमंत्री आवास योजना) नगर पालिक निगम

न्यायालय, नायब तहसीलदार, भिलाई-03 के न्यायालय से
मामला क्र. 202510103900002
मामले की श्रेणी - राजस्व
विषय - अ-19(3) सन - 2025-26,
जरवाय प.ह.नं. 00010
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार- कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई-चरोदा
अनावेदक पक्षकार - छत्तीसगढ़ शासन
// ईश्तहार //
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक -कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई-चरोदा, जिला-दुर्ग (छ.ग.) के पत्र क्र./ 1224/ लो.नि.वि./ न.पा.नि./ 2025-26 भिलाई-चरोदा, दिनांक -16.09.2025 के माध्यम से निकाय क्षेत्रान्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अन्तर्गत Compost Plant निर्माण कार्य हेतु आवेदक संस्था द्वारा ग्राम-जरवाय प.ह.नं. 10, रा.नि.मं. चरोदा, तह.-भिलाई-03, जिला- दुर्ग(छ.ग.) में स्थित दर्ज **भूमि खसरा नं. 721 रकबा 1.950 हेक्ट.** भूमि को आबंटित करवाने बाबत पत्र अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-03 से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ।
अतः उक्त प्रकरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप में इस न्यायालय में नियत दिनांक 22.10.2026 तक दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनाँक 14.10.2026 को जारी किया जाता है।
"प्रकृति को क्षति न पहुँचाए, वृक्ष लगाए, पर्यावरण को शुद्ध बनाए"
मुहर
नायब तहसीलदार
भिलाई-03,
जिला - दुर्ग (छ.ग.)

जबलपुर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड
निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी)
"765 केवी डी/सी धरमजयगढ़-जबलपुर ट्रांसमिशन लाइन के AP 66/0 (T. No. 222) और AP 67/0 (T. No. 229) के बीच संशोधन/लाइन शिफ्टिंग कार्य निष्पादन के लिए, जिसमें चिन्हित स्पैन की डीस्ट्रिंगिंग, छह गैन्ट्री टावर्स की डिस्मेंटलिंग, आवश्यक सामग्रियों की सप्लाई, टावर फाउंडेशन और इरेक्शन गतिविधियां, स्ट्रिंगिंग/इंस्टॉलेशन गतिविधियां, सहयोगी सेवाएं, टेस्टिंग, कमिशनिंग और कार्य क्षेत्र में वर्णित कार्यों को पूरा करना शामिल है" के लिए.
जबलपुर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा सिंगल स्टेज दो लिफाफे प्रक्रिया का पालन करते हुए 765 केवी डी/सी धरमजयगढ़ - जबलपुर ट्रांसमिशन लाइन के संशोधन/लाइन शिफ्टिंग कार्य के लिए बोलियां आमंत्रित की जाती हैं. इच्छुक बोलीकर्ता दिनांक 15.10.2026 से हमारी वेबसाइट www.indigrid.co.in पर उपलब्ध बोली कागजातों को देख तथा डाउनलोड कर सकते हैं.
इच्छुक पार्टियां अपनी बोलियां, बोली कागजात में दिए गए विवरण के अनुसार ₹10,000 (केवल दस हजार रुपए) की अप्रतिदेय फीस + 18% जीएसटी का भुगतान करके जमा करा सकते हैं. इस बारे में महत्त्वपूर्ण समय सीमाएं निम्न अनुसार हैं:

क्रम संख्या	प्रोजेक्ट का नाम	स्पष्टीकरण मांगने की अंतिम तिथि	बोली जमा करने की अंतिम तिथि	बोली खोलने की तिथि-पहला लिफाफा
1	765 केवी डी/सी धरमजयगढ़ - जबलपुर ट्रांसमिशन लाइन के संशोधन/लाइन शिफ्टिंग कार्य के लिए	21.10.2026	29.10.2026 को दोपहर 3.00 बजे (आईएसटी) तक	29.10.2026 को दोपहर 3.30 बजे (आईएसटी)

बोली कागजात से संबंधित सभी शुद्धिपत्र, परिशिष्ट, संशोधन, समय विस्तारीकरण आदि हमारी वेबसाइट www.indigrid.co.in पर डाले जाएंगे. बोलीकर्ताओं को ताजा स्थिति से अवगत रहने के लिए हमारी वेबसाइट्स पर नियमित रूप से विजिट करते रहना चाहिए.
जबलपुर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड
यूनिट नं. 101, पहली मंजिल, विंडसर,
गांव कोलेकल्याण, ऑफ़ सीएसटी रोड, विद्यानगरी मार्ग,
कलिना, सांताक्रुज (पूर्व), मुंबई - 400098
ईमेल: rtmtenders@indigrid.com, anuj.gupta@indigrid.com
rahul.kesarwani@indigrid.com

पेज एक के शेष

राजिम की गुफावाली...

श्रद्धालु दर्शन और साधना के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं को झुककर और लेटकर संकरी जगह से होते हुए कुछ सीढ़ियां पार करनी पड़ती हैं, जिसके बाद मां के दर्शन होते हैं। मंदिर के महामंडप में पश्चिम दिशा की ओर स्थित गुफा का प्रवेश द्वार पूर्वाभिमुख है। दो खंभों के मध्य स्थित गर्भगृह में मां श्मशान काली की प्रतिमा अपने प्रचंड रौद्र रूप में विराजमान है। प्रतिमा में मां के चरणों के नीचे भगवान शिव दिखाई देते हैं। समीप ही श्री गणेश जी और नागिन की आकृतियां भी उकेरी गई हैं। गुफा का संकरा प्रवेश और भीतर का वातावरण इस स्थान को अन्य मंदिरों से अलग पहचान देता है। मंदिर के पुजारी अखिलेशपुरी गोस्वामी के अनुसार महानदी के किनारे 1939 में परिनीतानंद जी महाराज ने संस्कृत विद्यापीठ की शुरुआत की थी। बताया जाता है कि हरिद्वार के परमार्थ निकेतन से जुड़े परिनीतानंद महाराज ने यहां मां श्मशान काली की स्थापना की थी। उस समय यह स्थान समतल था। बाद में गुफा के भीतर मां की प्रतिमा स्थापित होने के साथ यह स्थल विशिष्ट साधना केंद्र के रूप में प्रसिद्ध हुआ। गुफावाली श्मशान काली को भक्त स्वप्नवती मां के नाम से भी जानते हैं। मान्यता है कि मां स्वप्न में दर्शन देकर भक्तों को अपने दरबार तक बुलाती हैं। क्वांर नवरात्रि में विशेष अनुष्ठान किए जाने की परंपरा है। पुजारी अखिलेशपुरी गोस्वामी के अनुसार, गुफावाली श्मशान काली की प्रतिमा पहले रौद्र स्वरूप में थी, लेकिन निरंतर पूजा-अर्चना के बाद अब बालिका के सौम्य स्वरूप में दिखाई देती है। यहां मां यक्ष-यक्षिणी, योगिनी, वीरभद्र, कालभैरव, दक्षिणमुखी हनुमान और बाल स्वरूप नंदी भी विराजमान हैं।

गढ़रीवा के चंडिका. मंदिर में राजा...

जिसमें भक्त लंगुरे, मां चंडिका, मां आदिशक्ति, मां महामाया और काल भैरव विराजमान हैं। इसलिए इसे पंचमूर्ति चंडिका सिद्धपीठ कहा जाता है। मंदिर से लगा 75 एकड़ का बंधुआ तालाब चर्म रोग, विशेषकर सफेद दाग के निवारण के लिए प्रसिद्ध है। मान्यता है कि सात रविवार तक श्रद्धापूर्वक स्नान कर माता चंडिका का दर्शन करने से चर्म रोग से मुक्ति मिलती है, इसलिए दूर-दूर से श्रद्धालु यहां आते हैं। वहीं कुंवार और चैत्र नवरात्र में यहां सैकड़ों मनोकामना ज्योतियां प्रज्वलित होती हैं। फिलहाल माता के मंदिर का ग्रामीणों द्वारा जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। ग्रामीण जनसहयोग से मंदिर को भव्य रूप देने के प्रयास में जुटे हुए हैं। ग्रामीणों के अनुसार इस मंदिर के निर्माण में करीब 60 लाख रुपए की लागत आने का अनुमान है। मंदिर समिति के अनुसार मंदिर का इतिहास हजारों वर्ष पुराना है

सुप्रीम कोर्ट में डीएमआरसी का हलफनामा... 303 में से 45 स्टेशनों पर ही आवाजाही रोकी

सीजेपी प्रदर्शन के दौरान नहीं रोकी गई थी मेट्रो सेवा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी के 10 अक्टूबर के प्रदर्शन के दौरान मेट्रो ट्रेन सेवाओं में न कटौती की गई नही सेवा रद्द की गई। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में दाखिल आदेश पालन हलफनामे में यह जानकारी दी। डीएमआरसी ने बताया कि 303 में से 45 स्टेशनों पर एंट्री और एग्जिट सीमित की गई थी। वहीं, 258 स्टेशन यानी मेट्रो नेटवर्क का 85% से ज्यादा हिस्सा पूरी तरह चालू रहा। डीएमआरसी ने कहा कि 45 स्टेशनों पर एंट्री और एग्जिट सीमित करने का फैसला पुलिस के आकलन के आधार पर लिया गया था। कॉरपोरेशन ने कहा कि यह कदम पुलिस के निर्देशों के मुताबिक उठाया गया। केवल 45 स्टेशन प्रभावित हुए, जो पूरे नेटवर्क का 15% हिस्सा है।

10 अक्टूबर को सीईसी ज्ञानेश के इस्तीफे की मांग को लेकर हुआ था प्रदर्शन

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दाखिल

कॉरपोरेशन ने यह रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट के 9 अक्टूबर के आदेश बाद दाखिल की। कोर्ट ने दिल्ली में 10 अक्टूबर के प्रदर्शन को देखते हुए कई मेट्रो स्टेशन बंद करने और ट्रेनें रद्द करने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की थी। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था कि दिल्ली आने वाली मेट्रो और ट्रेनों की आवाजाही पर पूरी तरह रोक न लगे।



निर्वाचन आयोग के खिलाफ प्रदर्शन

प्रदर्शन का आह्वान कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) और कुछ छात्र संगठनों ने किया था। उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इन संगठनों ने निर्वाचन आयोग के कामकाज में कथित अनियमितताओं का आरोप लगाया था।

जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल से हटाने का विरोध, याचिका दाखिल

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग और एसआईआर को लेकर जारी विरोध प्रदर्शन के बीच जंतर मंतर पर प्रोटेस्ट बैन का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। दिल्ली पुलिस द्वारा 11अक्टूबर को जंतर मंतर को धरना प्रदर्शन स्थलों की लिस्ट से हटा दिया गया था, जिसके बाद आंदोलनकारियों को प्रदर्शन के लिए तीन नई जगह निर्धारित कई गई थी। अब इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया गया है। उच्चतम न्यायालय में बुधवार को दिल्ली पुलिस के फैसले को चुनौती देते हुए एक याचिका दायर की गई है। यह कहा गया याचिका में याचिकाकर्ता कौन है इसकी अभी स्पष्ट जानकारी नहीं है, लेकिन जंतर मंतर को लेकर याचिका में दलील दी गई है कि प्रदर्शन स्थलों को शहर से दूर निर्धारित करने से नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों पर असर पड़ सकता है। याचिका में संविधान के अनुच्छेद 19(1)(**a**) के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और अनुच्छेद 19(1)(**b**) के तहत शांतिपूर्ण तरीके से एकत्र होने के अधिकार का उल्लेख किया गया है।





कांग्रेस के युवा नेताओं ने मंगलवार प्रदर्शन के दौरान लगाए टॉर्चर के आरोप

'दिल्ली पुलिस ने सिर में डंडा मारा, चेहरा नोचा'

राहुल ने मीडिया से मिलवाया



हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। कांग्रेस नेता व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को हुए यूथ कांग्रेस व एनएसयूआई के प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस पर बर्बरता का आरोप लगाया। उन्होंने एनएसयूआई नेताओं को लेकर बुधवार को बाकायदा प्रेस कान्फ्रेंस की। इसमें कांग्रेस के युवा नेताओं ने दावा किया कि हिरासत के दौरान पुलिसकर्मियों ने उन्हें डंडों से मारा और प्राइवेट पार्ट पर लातें तक मारीं। राहुल ने छात्रों से हिरासत के दौरान हुई मारपीट के वीडियो सबूत के तौर पर रिकॉर्ड करके कांग्रेस को भेजने को कहा । उन्होंने कहा, इन सबूतों के आधार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और छात्रों पर हाथ उठाने वाले पुलिस कॉन्स्टेबल तक को सजा दिलाने की कोशिश की जाएगी।

एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने सुनाई आपबीती

इस दौरान एनएसयूआई की राष्ट्रीय सचिव ऋतु बराला को 'शेरनी' बताते हुए राहुल ने कहा कि पिटाई के बाद भी वह डरी नहीं है। ऋतु ने भी दिल्ली पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि चंचल यादव नाम की एक महिला कांस्टेबल ने उनकी गर्दन पकड़ी और सीट पर धकेल दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांस्टेबल ने नाखूनों से उनके चेहरे और कान के पास खरोंच मारी। विरोध करने पर थप्पड़ भी मारा।

यह है मांग

दरअसल, ये आरोप मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ देशभर में हो रहे लगातार प्रदर्शनों के बीच सामने आए हैं। प्रदर्शनकारी मुख्य चुनाव आयुक्त सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। दिल्ली के कनॉट प्लेस समेत कई जगहों पर इसीमांग को लेकर मंगलवार को प्रदर्शन हुए थे।

पत्रकारों ने बिना डरे देश के सामने अपनी बात रखी

राहुल गांधी ने मीडिया से बात करते हुए दो दिन पहले हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उस दौरान पत्रकारों से एक सवाल पूछा था। पत्रकारों ने बिना डरे देश के सामने अपनी बात रखी। राहुल गांधी ने इसके लिए उनका शुक्रिया अदा किया और कहा कि वह सभी को अपना प्यार देना चाहते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि प्रदर्शनकारियों की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि इस विरोध में धर्म, जाति या महिला-पुरुष का भेद नहीं है। यह भारत की आवाज है और सरकार इसके खिलाफ खड़ी है. राहुल गांधी ने कहा कि वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों की आवाज पूरे भारत की आवाज है। इस आवाज के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह खड़े हैं।

राहुल की याचिका पर आज सुनवाई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और विपक्ष के कई अन्य नेताओं की उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाने और गड़बड़ियों का आरोप लगाया गया है। न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई 15 अक्टूबर की 'वाद सूची' के अनुसार, इस याचिका पर प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ सुनवाई करेगी। सोमवार को गांधी और विपक्ष के कई अन्य नेता याचिका दायर करने के लिए उच्चतम न्यायालय पहुंचे थे। याचिका में उच्चतम न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में और तकनीकी विशेषज्ञों तथा अन्य प्रतिष्ठित नागरिकों की सहायता से एक स्वतंत्र समिति के गठन का अनुरोध किया गया है।

अमेरिका, अन्य समृद्ध देश बढ़ते कर्ज पर काबू पाने के लिए कदम उठाएं: आईएमएफ

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलिना जॉर्जीवा ने बुधवार को अमेरिका और अन्य समृद्ध देशों से बढ़ते वैश्विक कर्ज पर काबू पाने के लिए तत्काल कदम उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इसका सबसे अधिक बोझ कम आय वाले देशों पर पड़ रहा है और वैश्विक वित्तीय प्रणाली पर दबाव बढ़ रहा है।

बढ़ते वैश्विक कर्ज पर काबू पाने तत्काल कदम उठाने का आह्वान

सबसे अधिक बोझ कम आय वाले देशों पर पड़ रहा

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

जॉर्जीवा ने कहा कि अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट और अन्य अमेरिकी नेता संघीय बजट घाटे तथा राष्ट्रीय कर्ज के बहुत अधिक बढ़ जाने की बात स्वीकार करते हैं। हालांकि, 40,000 अरब डॉलर से अधिक के अमेरिकी राष्ट्रीय कर्ज पर केवल आर्थिक वृद्धि के जरिये काबू पाना पर्याप्त नहीं होगा।



घाटे को कम करने अन्य कदम उठाने होंगे

जॉर्जीवा ने आईएमएफ और विश्व बैंक की बैंकॉक में आयोजित शरदकालीन बैठक में कहा, "आर्थिक वृद्धि से मदद तो मिलती है, लेकिन जरूरी वित्तीय समायोजन इतनी तेजी से नहीं हो सकते। कोई जादू नहीं है... बजट घाटे और कर्ज को कम करने के लिए अन्य कदम उठाने होंगे।"

ब्याज भुगतान ऊंचे स्तर पर पहुंच गया

जॉर्जीवा ने कहा कि बड़ी विकसित अर्थव्यवस्थाओं में राजकोषीय अनुशासन की कमी का असर दूसरे देशों पर भी पड़ता है। सबसे गरीब देशों में राजस्व की तुलना में ब्याज भुगतान ऐतिहासिक रूप से ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है।

विकासशील देश तीन गुना अधिक ब्याज चुका रहे

सहायता में कमी से पैदा हुए वित्तीय अंतर को भरपाई कुछ देश नहीं कर पा रहे हैं। इससे उन्हें कमजोर वर्गों की मदद करने और कर्ज चुकाने के बीच कठिन विकल्प चुनने पड़ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के प्रशासक और बेल्जियम के पूर्व प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू ने कहा कि विकासशील देश विकसित देशों की तुलना में औसतन तीन गुना अधिक ब्याज चुका रहे हैं।

अगले दशक में 40 करोड़ नए रोजगार ही पैदा होंगे

अगले करीब एक दशक में 1.2 अरब से अधिक युवा वैश्विक कार्यबल में शामिल होंगे, जबकि इस दौरान शुद्ध रूप से केवल 40 करोड़ नए रोजगार ही पैदा होने का अनुमान है। यूएनडीपी ने इस सप्ताह 'जॉब्स फॉर प्रॉस्पेरिटी' पहल की घोषणा की। इसके तहत सरकारों, विश्व बैंक जैसे विकास बैंकों और निजी कंपनियों के साथ मिलकर पर्यटन, स्वास्थ्य सेवा और खाद्य प्रसंस्करण जैसे रोजगार सृजन वाले क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहित किया जाएगा।

सरकारों के कुल खर्च का 10% कर्ज चुकाने में जा रहा

जॉर्जीवा ने कहा कि सरकारों के कुल खर्च का औसतन करीब 10 प्रतिशत कर्ज चुकाने में जा रहा है। ईंधन एवं उर्वरक की ऊंची कीमतों, अल नीनो के प्रभाव तथा महंगे कर्ज ने कम आय वाले देशों के लिए आर्थिक सुधार की गुंजाइश कम कर दी है। इसके साथ, रोजगार सृजन भी बड़ी चुनौती है। कृत्रिम मेधा (एआई) के बढ़ते इस्तेमाल से कई पारंपरिक रोजगार खत्म होने का खतरा है।

विदेशी मुद्रा बाजार में स्थिरता के लिए उठाए गए कदम : आरबीआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के लिए विशेष डॉलर सुविधा शुरू करने जैसे हाल के कदमों का उद्देश्य विदेशी मुद्रा बाजार में व्यवस्थित कारोबार सुनिश्चित करना और अनुचित सट्टेबाजी पर अंकुश लगाना है। मल्होत्रा ने कहा कि केंद्रीय बैंक रुपये के लिए किसी विशेष विनिमय दर या दायरे को लक्ष्य नहीं बनाता है। उसका ध्यान रुपये में व्यवस्थित उतार-चढ़ाव सुनिश्चित करने और अत्यधिक सट्टेबाजी को रोकने पर है।



झारखण्ड सरकार

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

प्रेस विज्ञप्ति

राज्य के सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों के विभिन्न विभागों में शैक्षणिक संवर्ग के सह–प्राध्यापक के रिक्त पदों (बैक्लॉग) पर संविदा के आधार पर सेवाएँ प्राप्त करने हेतु विज्ञापन।

स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड के नियंत्रणाधीन शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, धनबाद, एम०जी०एम० चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, जमशेदपुर, फुलो झानो चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, दुमका, मेदिनीराय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पलामू तथा शेख भिखारी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, हजारीबाग के विभिन्न विभागों में विभागवार सह–प्राध्यापक के रिक्त पदों पर (बैक्लॉग) Walk-In-Interview के माध्यम से संविदा के आधार पर सेवाएँ प्राप्त करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

विभागवार सह–प्राध्यापक पद की रिक्ति की विवरणी निम्नांकित है जो अधिक /कम हो सकती है–

क्र०सं०	विभाग का नाम	कुल रिक्ति	ST.	SC	BC-I	BC-II
1	माइक्रोबायोलॉजी	1	0	0	1	0
2	फार्माकोलॉजी	1	0	0	1	0
3	पी०एस०एम०	2	1	1	0	0
4	नेत्र	1	0	1	0	0
5	निश्चेतना	3	0	1	1	1
6	मनोरोग	2	1	0	1	0
7	दन्त	2	1	1	0	0
Total		12	12	3	4	4

2. अर्हता– सह–प्राध्यापक के पद पर संविदा के आधार पर सेवाएँ प्राप्त करने हेतु एम०सी०आई / एन०एम०सी० के द्वारा निर्धारित योग्यता एवं वांछित अनुभव लागू होगा।

3. चयन का आधार– Walk-In-Interview के माध्यम से संविदा के आधार पर सेवाएँ प्राप्त करने हेतु गठित चयन समिति द्वारा विहित प्रक्रिया के अन्तर्गत तत्संबंधी अभिलेखों की जाँच की जायेगी। तदनुसार विभागवार रिक्ति के विरूद्ध चयनित अभ्यर्थियों के नाम की अनुशंसा की जायेगी।

4. नियुक्ति की शर्ते–

a) सह–प्राध्यापक के पद पर संविदा के आधार पर सेवाएँ प्राप्त करने के लिए एम०सी०आई / एन०एम०सी० के द्वारा निर्धारित योग्यता एवं वांछित अनुभव संबंधी प्रावधान लागू होंगे।

b) चिकित्सा महाविद्यालय के विभिन्न विभागों में सह–प्राध्यापक के पद पर संविदा के आधार पर पदधारकों को समय–समय पर वित्त विभाग द्वारा दिये गये परामर्श के अनुरूप मासिक मानदेय देय होगा। इसके अतिरिक्त अन्य कोई भत्ता/सुविधा देय नहीं होगा।

c) चिकित्सा महाविद्यालय के विभिन्न विभागों में सह–प्राध्यापक के पद पर संविदा आधारित सेवाएँ अधिकतम 02 वर्ष अथवा नियमित नियुक्ति / प्रोन्नति, जो पहले हो, तक अथवा 70 वर्ष की आयु तक होगी।

d) 02 वर्ष की संविदा अवधि की समाप्ति के उपरांत उनके च्मतवितउंदबम का मूल्यांकन संतोषजनक पाये जाने पर आगामी वर्षों हेतु एक बार में एक वर्ष के लिए सेवा विस्तार वित्त विभाग की सहमति से किया जायेगा।

e) संविदा आधारित यह नियुक्ति पूर्णतः औपबंधिक होगी एवं संविदा के आधार पर सेवाएँ प्राप्त करने हेतु चयनित अभ्यर्थियों द्वारा भविष्य में नियमित नियुक्ति एवं अन्य सुविधाओं का दावा नहीं किया जायेगा।

f) अवकाश रू– संविदा आधारित चिकित्सा शिक्षकों को कैलेण्डर वर्ष के लिए राज्य कर्मियों के अनुरूप आकस्मिक अवकाश देय होगा, परन्तु अन्य किसी अवकाश के हकदार नहीं होंगे।

g) किसी चिकित्सा महाविद्यालय में संविदा पर नियुक्त सह–प्राध्यापक का स्थानांतरण किसी अन्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में नहीं किया जायेगा।

h) सभी चिकित्सा महाविद्यालयों में सह–प्राध्यापक के उतने ही पद इस व्यवस्था से भरें जायेंगे जितना नितान्त आवश्यक होगा। इन पदों पर सेवाएँ प्राप्त करने हेतु आरक्षण प्रतिशत का अनुपालन किया जायेगा।

i) वित्त विभाग से प्राप्त परामर्श के आधार पर मंत्रिपरिषद् द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार संविदा राशि निर्धारण के संबंध में विभागीय संकल्प–407 (9) दिनांक 02.09.2021 एवं विभागीय अधिसूचना 357 (9) दिनांक 30.07.2024 के आलोक में सह–प्राध्यापक के पद पर नियुक्त पद धारक को मानदेय – सह–प्राध्यापक 2,00,000/– (दो लाख रूपये) देय होगा इसके अतिरिक्त अन्य कोई भत्ता या सुविधा देय नहीं होगा।

5. अधिकतम उम्र सीमा– संविदा आधारित चिकित्सा शिक्षकों के लिए अधिकतम उम्र सीमा सभी वर्गों के लिए 70 वर्ष होगी।

6. साक्षात्कार विवरणी – रिक्त पदों पर वाक–इन–इन्टरव्यू रिम्स (RIMS), राँची के प्रशासनिक भवन में निम्नांकित तिथियों में सम्पन्न होगा–

क्र० सं०	पदनाम	दिनांक	समय
01	सह–प्राध्यापक	23.10.2026	10:30am

7. सभी इच्छुक उम्मीदवार वेबसाईट : www-jharkhand-gov-in@health के अन्तर्गत Recruitment पर दिये गये आवेदन पत्र में अंकित सभी वांछित सूचनाएँ पूर्णरूपेण भर कर, सभी मूल प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति एवं मूल प्रमाण पत्रों के साथ वाक–इन–इन्टरव्यू आयोजन की तिथि पर ससमय भाग लेंगे।

8. इस विज्ञापन को स्थगित करने, किसी आवेदन को बिना कोई कारण बताए स्वीकृत / अस्वीकृत करने एवं रिक्ति के अवशेष रहने की अवस्था में पुनः विज्ञापन प्रकाशित करने का सर्वाधिकार स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग को सुरक्षित रहेगा।

निदेशक, चिकित्सा शिक्षा,
झारखंड, राँची

PR 391802 Health Med Edu and Family Welfare (26-27)_D

उपग्रह संचार की कतार में मस्क से आगे हम : मित्तल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारती एयरटेल के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने बुधवार को कहा कि भारत में उपग्रह संचार (सैटकॉम) सेवाओं के लिए मंजूरी पाने की कतार में उनका उद्यम यूटेलसैट वनवेब, अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क की स्टारलिंक से काफी आगे है।

मित्तल ने कहा कि उन्होंने पांच साल पहले लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। उन्हें खुशी होगी अगर मस्क से कम से कम कुछ दिन पहले उन्हें सेवाएं शुरू करने की मंजूरी मिल जाए।





- मित्तल ने कहा, उनसे कुछ दिन पहले मंजूरी मिलने पर खुशी होगी
- पांच साल पहले लाइसेंस के लिए दिया था आवेदन

मैं कतार में काफी आगे हूं : मित्तल

चेयरमैन ने यहां 'ब्लूमबर्ग न्यू इकॉनमी फोरम 2026' में कहा, "मुझे लगता है कि मैं उनसे कतार में काफी आगे हूं। मैंने पांच साल पहले आवेदन किया था।" मित्तल से भारत में उपग्रह इंटरनेट सेवाओं को लेकर जारी बहस के बीच मस्क की ओर से हाल में देश के दूरसंचार क्षेत्र के अरबपतियों पर की गई टिप्पणियों के बारे में पूछा गया था।

ग्राउंड नेटवर्क पिछले तीन साल से तैयार

भारती एयरटेल के चेयरमैन ने कहा कि उनका 'ग्राउंड नेटवर्क' पिछले तीन साल से तैयार है और उपग्रह पांच साल से भारत के ऊपर चक्कर लगा रहे हैं। इसके बावजूद कंपनी को सेवाएं शुरू करने की अनुमति नहीं मिली है। मित्तल ने कहा, "हमें अनुमति नहीं मिली है, इसलिए हमें खुशी होगी अगर यह मंजूरी उनसे कम से कम कुछ दिन पहले मिल जाए।"

मस्क ने लगाया था आरोप

मस्क ने हाल में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर आरोप लगाया था कि कुछ प्रभावशाली उद्योगपति भारतीयों पर "एकाधिकार" बनाए रखना चाहते हैं और इसी वजह से वे स्टारलिंक को रोक रहे हैं।

मस्क के भेदभाव वाली बात का कोई आधार नहीं : संचार मंत्रालय ने अगले दिन इस पर जवाब देते हुए कहा था कि नियामकीय ढांचे या उसके क्रियान्वयन को अनुचित या भेदभावपूर्ण बताने वाली बात का कोई आधार नहीं है और यह गलतफहमी पर आधारित है। इसके बाद मस्क ने 'एक्स' पर पूछा था कि क्या रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी "भारत के असली बॉस" हैं।

चीन के साथ फिर से पटरी पर लौटेंगे रिश्ते : गोयल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि भारत, चीन के साथ अपने संबंधों को फिर से मजबूत करने की दिशा में काम कर रहा है, लेकिन इस यात्रा का अंतिम पड़ाव अभी तय नहीं हुआ है। उन्होंने साथ ही कहा कि भारत किसी भी देश के साथ संयुक्त उद्यम के लिए तैयार है, बशर्ते उसे उचित शर्तों पर समझौता मिले।

गोयल ने यहां 'ब्लूमबर्ग न्यू इकॉनमी फोरम' में कहा, ''हम दुनिया के सभी देशों के साथ काम करने के लिए तैयार हैं, बशर्ते हमें उचित शर्तों पर समझौता मिले, आपसी संपर्क एवं सहयोग में निरंतरता बनी रहे और भू-राजनीतिक स्थिति खराब न हो। मुझे लगता है कि अतीत में हमारी कुछ चिंताएं थीं।



- संबंध मजबूत करने की दिशा में काम कर रहा भारत

सोना 1,800 रुपए टूटा और चांदी 5,000 रुपए कमजोर

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतों में लगातार तीसरे दिन गिरावट आई और यह बुधवार को 1,800 रुपये टूटकर 1,50,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। रुपये में मजबूती आने से कीमती धातु की कीमतों पर दबाव अधिक बढ़ गया। अ खि ल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव मंगलवार के बंद भाव 1,52,600 रुपये प्रति 10 ग्राम से 1,800 रुपये टूटकर 1,50,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गया। चांदी की कीमतों में भी गिरावट जारी रही। इसका भाव पिछले बंद स्तर 2.26 लाख रुपये प्रति किलोग्राम से 5,000 रुपये टूटकर 2.21 लाख रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गया।

आईडीबीआई के कर्मचारियों को चिंतित होने की जरूरत नहीं

नई दिल्ली। निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव अरुणीश चावला ने बुधवार को कहा कि आईडीबीआई बैंक में रणनीतिक पुनर्गठन को लेकर कर्मचारियों को चिंतित होने की जरूरत नहीं है और उनके हितों का पूरा ध्यान रखा गया है। चावला ने कहा कि प्रबंधन के हस्तांतरण को लेकर सभी संबंधित पक्षों के साथ चर्चा की गई है।कनाडा की फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स लि. की अनुषंगी मेसर्स 10955230 कनाडा इंक 52,878.08 करोड़ रुपये में बेचने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।



हरिभूमि
HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सुविधा: मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग
• सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड
• बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक
(रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

सीरीज 2-2 से बराबर, चौथे टी20 में वेस्टइंडीज ने दर्ज की 24 रन से जीत

वेस्टइंडीज ने भारत का विजय अभियान रोका

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

भारत को गेंदबाजी की कमजोरियों के उजागर होने के बाद बल्लेबाजों से भी निराशा मिली, जिससे वेस्टइंडीज ने चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में मेजबान टीम को 24 रन से हराकर 5 मैच की श्रृंखला 2-2 से बराबर कर ली। कप्तान शाई होप के शतक के बाद वेस्टइंडीज के लिए कीमो पॉल ने 41 रन देकर 5 विकेट झटके, जिससे भारतीय टीम 248 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए संजू सैमसन की 56 रन की अर्धशतकीय पारी के बावजूद 19.3 ओवर में 223 रन ही बना सकी।

पॉल के अलावा गुडाकेश मोती ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2 ओवर में 13 रन देकर दो विकेट झटके। शमार स्प्रिंगर और रोमारियो शेफर्ड को एक एक विकेट मिला। श्रृंखला का अंतिम मैच शनिवार को बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा।



सैमसन ने खेली अर्धशतकीय पारी

भारतीय पारी में सैमसन के अलावा तिलक वर्मा (43 रन) और नीतीश कुमार रेड्डी (41 रन) ने छठे विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी की लेकिन यह टीम को जीत के करीब तक पहुंचाने के लिए काफी नहीं थी। तिलक ने अपनी पारी के अंत में तीन छक्के जड़कर उम्मीद जगाई लेकिन शेफर्ड की स्टंप से बाहर जाती गेंद को हवा में उठाकर पॉवेल को कैच दे बैठे, जिससे भारत को 200 रन पर छठा झटका लगा। सैमसन (56 रन) ने भारत को शानदार शुरुआत कराई लेकिन पॉल ने अपने पहले ओवर की पहली गेंद पर उनकी पारी का अंत कर दिया।

पावर प्ले में विंडीज ने कूटे 79 रन

वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ चौथे मैच में पावरप्ले के दौरान महज 1 विकेट खोकर 79 रन कूटे, जो इस फॉर्मेट में भारत के खिलाफ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा पावरप्ले स्कोर है। इसी के साथ वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड की बराबरी कर ली, जिसने इस साल की शुरुआत में त्रिवेंद्रम में इतना ही स्कोर बनाया था। यह भारत के विरुद्ध पावरप्ले में वेस्टइंडीज का सबसे बड़ा स्कोर था। इससे पहले वेस्टइंडीज ने साल 2016 में लॉडरहिल में पावरप्ले के दौरान 78/0 का स्कोर किया था। वहीं, साल 2026 में रांची के मैदान पर वेस्टइंडीज ने भारत के विरुद्ध पावरप्ले में 3 विकेट खोकर 72 रन जुटाए थे।

स्कोर बोर्ड

वेस्टइंडीज पारी	रन	गेंद	4	6
शाई होप नाबाद	102	50	4	9
एंड्रयू पगाबाधा बो पटेल	21	16	2	1
हेटमायर का एवं बो प्रिंस यादव	33	12	4	2
पॉवेल का सैमसन बो अर्शदीप	24	17	2	1
रदरफोर्ड नाबाद	49	26	4	3
अतिरिक्त : 18, कुल : 20 ओवर में 247/3 रन				
गेंदबाजी : मयंक यादव 4-0-52-0, अर्शदीप सिंह 4-0-52-1, प्रिंस यादव 4-0-36-1, अक्षर पटेल 4-0-45-1, नमन धीर 1-0-19-0, नीतीश कुमार रेड्डी 3-0-39-0				
भारत	**रन**	**गेंद**	**4**	**6**
सैमसन का हेटमायर बो पॉल	56	23	6	4
अभिषेक का स्प्रिंगर बो मोती	29	24	3	1
ईशान का एंड्रयू बो पॉल	06	3	0	1
अय्यर का एंड्रयू बो स्प्रिंगर	16	11	2	0
तिलक का पॉवेल बो शेफर्ड	43	25	2	3
नमन धीर स्टं होप बो मोती	00	1	0	0
रेड्डी का पॉवेल बो पॉल	41	20	1	4
अक्षर का रदरफोर्ड बो पॉल	03	5	0	0
प्रिंस यादव बो पॉल	00	1	0	0
अर्शदीप रिटायर्ड हर्ट	05	4	1	0
मयंक यादव नाबाद	00	1	0	0
अतिरिक्त : 24, कुल : 19.3 ओवर में 223/10 रन				
गेंदबाजी : रोस्टन चेस 4-0-43-0, शमार जोसफ 2.3-0-47-0, रोमारियो शेफर्ड 3-0-32-1, कीमो पॉल 4-0-41-5, शमार स्प्रिंगर 4-0-40-1, गुडाकेश मोती 2-0-13-2				



आज एशियाई खेलों के विजेताओं से मिलेंगे पीएम

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हाल में संपन्न हुए आइची-नागोया एशियाई खेलों में हिस्सा लेने वाले भारतीय दल के खिलाड़ियों से गुरुवार को मुलाकात करेंगे। कार्यक्रम शाम करीब साढ़े 4 बजे मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में होगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री सभा को भी संबोधित करेंगे। भारत ने इन खेलों में 21 स्वर्ण, 27 रजत और 37 कांस्य सहित कुल 85 पदक जीतकर चौथा स्थान हासिल किया। भारत लगातार दूसरी बार शीर्ष पांच में जगह बनाने में सफल रहा। कार्यक्रम में भारतीय दल के खिलाड़ी, उनके कोच और सहयोगी स्टाफ, भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारी, राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधि के अलावा युवा मामले और खेल मंत्रालय के अधिकारी शामिल होंगे। भारत ने आइची-नागोया खेलों में 501 खिलाड़ियों का दल भेजा था, जिनमें से 310 खिलाड़ी पहली बार एशियाड में हिस्सा ले रहे थे।

वुहान ओपनः स्वियातेक की सीजन की 40वीं जीत, सेरेना को पीछे छोड़ा



एजेंसी ▶▶| वुहान

वुहान ओपन में पोलैंड की इगा स्वियातेक ने बुधवार को हमवतन मैग्डेलेना फ्रेच को मात देकर इस सीजन की अपनी 40वीं जीत दर्ज की, जबकि एलिना स्वितोलिना ने ल्यूडमिला सैमसोनोवा के खिलाफ जीत दर्ज करते हुए तीसरे दौर में जगह बनाई।

इस जीत के साथ दोनों खिलाड़ी सीजन के आखिर में होने वाले डब्ल्यूटीए फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में बनी हुई हैं। सातवीं वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने मैग्डेलेना फ्रेच को 1 घंटे 43 मिनट तक चले मुकाबले में 6-2, 6-1 से मात देकर डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट्स में अपने करियर की 149वीं जीत दर्ज की। इसी के साथ स्वियातेक ने सेरेना विलियम्स की 148 जीत के आंकड़े को पीछे छोड़ दिया। वह इस लिस्ट में सातवें पायदान पर पहुंच गई हैं।

पोलैंड की स्वियातेकने अब लगातार पांच सीजन में कम से कम 40 जीत दर्ज की हैं, हालांकि उन्होंने माना कि 2026 में लगातार अच्छा प्रदर्शन बनाए रखना काफी चुनौतीपूर्ण रहा है।

शंघाई मास्टर्स

क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी बने राफेल जोडर



एजेंसी ▶▶| शंघाई

राफेल जोडर ने शानदार जुझारूपन दिखाते हुए लगातार तीसरे मैच में एक सेट गंवाने के बाद वापसी की और शंघाई मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। 20 वर्षीय जोडर ने नीदरलैंड्स के बोटिक वैन डी जैंडशल्प को 2 घंटे 30 मिनट तक चले मुकाबले में 6-7(4), 6-4, 6-2 से हराया।

पहला सेट हारने के बाद उन्होंने शानदार वापसी की और अगले दो सेट जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ जोडर शंघाई मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। शंघाई मास्टर्स के इतिहास में सबसे युवा क्वार्टर फाइनलिस्ट जैकब मेन्सिक हैं, जो 19 साल की उम्र में शंघाई मास्टर्स 2024 में अपने पहले एटीपी मास्टर्स 1000 क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे।

आईसीसी रैंकिंग : अय्यर ने मारी लंबी छलांग ईशान और अभिषेक में नंबर वन की जंग



दुबई। कप्तान श्रेयस अय्यर वेस्टइंडीज के खिलाफ 5 मैच की मौजूदा श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन की बदौलत आईसीसी की बल्लेबाजों की नवीनतम टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में 3 स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। अय्यर ने लखनऊ में श्रृंखला के पहले मैच में अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा।टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में 4 भारतीय शामिल हैं। ईशान किशन 904 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। उन्होंने साथी भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पर 13 अंक की बढ़त बना रखी है। पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान करियर के सर्वश्रेष्ठ 883 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। श्रीलंका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान के कप्तान फरहान ने करियर के सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक हासिल किए। श्रीलंका के कुसल मेंडिस (तीन स्थान के फायदे से 23वें स्थान पर), वेस्टइंडीज के शेरफेन रदरफोर्ड (13 स्थान के फायदे से संयुक्त 24वें) और भारत के संजू सैमसन (चार स्थान के फायदे से संयुक्त 27वें) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है।



ट्रक में सजा शादी का मंडप, सड़क पर दौड़ती गाड़ी में दूल्हा-दुल्हन ने लिए सात फेरे

नई दिल्ली। गुरुग्राम की सड़कों पर 'शादी का मंडप' दौड़ रहा है। वायरल वीडियो ने सबको चौंका दिया है, जिसमें एक चलते हुए ट्रक के अंदर पूरी शादी की रस्मों को निभाते हुए दिखाया गया है। इंटरनेट पर वायरल इस वीडियो में दिख रहा है कि गुरुग्राम की सड़क पर एक ट्रक जा रहा है, जिसकी एक साइड पूरी तरह खुली है। अंदर का नजारा किसी आलीशान मैरिज हॉल के वेडिंग स्टेज जैसा है। चारों तरफ गेंदे और गुलाब के फूल सजे हैं, गुलाबी पर्दे लटके हैं और सुनहरे पैनल चमक रहे हैं। इस चलते-फिरते मंडप में सिर्फ सजावट ही नहीं है, बल्कि दूल्हा-दुल्हन, मंत्र पढ़ते पंडित जी और उनका परिवार भी मौजूद हैं।



रास्ते से गुजर रहे लोग अपनी गाड़ियां धीमी करके इस हैरान कर देने वाले नजारे को देख रहे हैं। वीडियो बनाने वाला शख्स भी अपनी हैरानी नहीं छिपा सका। उसने कैमरे पर कहा, 'तभी तो मैं कहता हूं बॉस, गुरुग्राम बिगनर्स के लिए के लिए नहीं है। रेमंड वालों ने ट्रक के अंदर ही पूरी शादी का इंतजाम कर दिया है। पंडित, दूल्हा-दुल्हन और पूरा परिवार यहीं सफर करते हुए शादी कर रहा है। गजब है।'

क्या यह कोई पब्लिसिटी स्टंट है?

ट्रक की बॉडी पर मशहूर कपड़ा ब्रांड 'रेमंड' का नाम लिखा हुआ है। इससे यह साफ इशारा मिलता है कि यह कंपनी का कोई अनोखा प्रमोशनल कैंपेन या पब्लिसिटी स्टंट है। हालांकि, इस पूरे तमाशे पर कितना पैसा बहाया गया है, इसका कोई खुलासा नहीं हुआ है।

सोशल मीडिया पर लोगों ने लिए मजे

वीडियो वायरल होते ही लोगों ने इस अनोखे विज्ञापन पर मजे लेने शुरू कर दिए. एक यूजर ने वीडियो बनाने वाले की मेहनत को देखते हुए लिखा, 'कंपनी ने इस काम के लिए जो भी पैसे दिए हों, लेकिन कैमरे के पीछे खड़े इस भाई की सैलरी तो तुरंत बढ़ जानी चाहिए।' एक अन्य यूजर ने चुटकी लेते हुए कहा, 'यह तो काफी सस्ता जुगाड़ लग रहा है।'

112 साल पुराने इमारत को 3.5 करोड़ रुपए खर्च कर 9 किमी दूर ले गए

न्यूयार्क। कोई घर सिर्फ ईंट, कंक्रीट और सीमेंट से नहीं बनता है, उससे कई पीढ़ियों की यादें होती हैं। जिस घर में किसी के परिवार की कई पीढ़ियों का इतिहास बसा हो, उसे कोई कैसे छोड़ सकता है? उसे बचाने के लिए इंसान जी जान लगा देगा। अमेरिका के नॉर्थ डकोटा में पली-बढ़ीं जैसोंड्रा श्मिट ने 112 साल पुराने पुश्तैनी घर को बचाने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर दिए। उन्होंने 1914 में बने अपने पर-परदादा के दो मंजिला घर को करीब 9 किलोमीटर दूर अपने नए फार्म तक शिफ्ट कराया। पर उनके लिए दूसरी जगह घर को शिफ्ट करने में आने वाला घर खर्च मायने नहीं रखता है, मायने रखता है उनका पुश्तैनी घर।

देश का वो गांव, बच्चे बोलते हैं फर्राटेदार अंग्रेजी, घर-घर में लटकते हैं भुट्टे

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में जब भी लंबा वीकेंड आता है तो यहां के लोग अक्सर पहाड़ों पर घूमने जाते हैं। देहरादून, मसूरी, कैंची धाम से लेकर हिमाचल तक यहां के लोग घूमने जाते हैं। मसूरी की भीड़ से दूर एक ऐसा ही गांव 'सैंजी' बसा हुआ है। इस गांव की पहचान पहाड़ की संस्कृति, मंदिर से नहीं है। यह गांव उतराखंड के टिहरी-गढ़वाल क्षेत्र के जौनपुर एरिया में आता है। इस गांव की पहचान अनाज से है। जी हां, इस गांव के हर घर के बाहर मक्का के भुट्टे लटकते नजर आते हैं। इसलिए इसे 'कॉर्न विलेज ऑफ इंडिया' के नाम से भी जाना जाता है। सबसे ज्यादा मक्का इसी गांव में होता है।

गांव की दुकान, मकान सब जगह सिर्फ मक्के के भुट्टे नजर आते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वो सुखाने के लिए भुट्टे को लटकाते हैं। सबसे ज्यादा मक्का इस गांव में होता है। लोगों को याद भी नहीं है कि यह परंपरा कब से चली आ रही है। सबसे बड़ी बात यह है कि गांव में एक इंग्लिश मीडियम स्कूल भी है। स्कूल में बच्चों को फ्री में पढ़ाया जाता है। यह स्कूल पिछले करीब 16 साल से चल रहा है। कनाडाई महिला लोरी ने इस स्कूल को शुरू किया था। लोरी करीब 17-18 साल पहले अपने पति के साथ इस गांव में रहने आई थीं। कई बच्चे फर्राटेदार अंग्रेजी बोलते हैं।











हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com